
**सुविचार**
समय बहुत ही अजीब होता है, आप इसे जितना बर्बाद करेंगे ये भी आपको उतना ही बर्बाद करेगा, और समय गुजर जाने के बाद सिर्फ पछतावा रहेगा।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Tuesday, 13 June 2023 ● Year : 01 ● Issue : 147 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com


काजोल ने सोशल मीडिया से लिया... 08

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 62,724.71 |
| निफ्टी | : | 18,601.50 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,675 |
| चांदी | : | 79.03 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

## सरकार ने डेटा लीक पर दी सफाई, कहा कोविन पोर्टल पूरी तरह सुरक्षित

**NEW DELHI :** डेटा लीक होने की खबरों का खंडन करते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि कोविन पोर्टल पूरी तरह से सुरक्षित है। नागरिकों का डेटा सुरक्षित करने के लिए कई तरह के इंतजाम किए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक कोविन पोर्टल पूरी तरह सुरक्षित है। वेब एप्लिकेशन फायरवॉल, एंटी-डीडीओएस, नियमित भेद्यता मूल्यांकन, पहचान और एक्सेस प्रबंधन आदि के साथ कोविन पोर्टल पर पर्याप्त सुरक्षा उपाय मौजूद हैं। केवल ओटीपी प्रमाणीकरण-आधारित डेटा एक्सेस प्रदान किया जाता है।

## भारत-बांग्लादेश के बीच चलने वाली मिताली एक्सप्रेस ट्रेन अस्थायी रूप से बंद

**NEW DELHI :** भारतीय रेल ने बांग्लादेश में ईद त्यौहार को देखते हुए 13132/13131 (न्यू जलपाईगुड़ी - ढाका - न्यू जलपाईगुड़ी) मिताली एक्सप्रेस की सेवाओं को रद्द करने का निर्णय लिया है। पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) के प्रवक्ता ने बताया कि ट्रेन संख्या 13132 (न्यू जलपाईगुड़ी-ढाका) मिताली एक्सप्रेस 25, 28 जून और 02 जुलाई को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 13131 (ढाका-न्यू जलपाईगुड़ी) मिताली एक्सप्रेस की 26, 29 जून और 03 जुलाई को सेवा रद्द रहेगी। बांग्लादेश में ईद का त्यौहार समाप्त होने के बाद मिताली एक्सप्रेस की सामान्य सेवाएं पुनः शीघ्र शुरू हो जाएगी।

## छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में एक महिला नक्सली ढेर

**CHHATTISGARH :** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। गश्त पर निकली डीआरजी और बीएसएफ की 132 बटालियन संयुक्त पार्टी ने एक महिला नक्सली को ढेर कर दिया। मुठभेड़ के बाद जवानों ने मौके से एक राइफल भी जब्त की है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि रविवार रात को डीआरजी और बीएसएफ की 132 बटालियन संयुक्त पार्टी नक्सलियों के छिपे होने की सूचना पर सर्चिंग पर निकली थी। इसी दौरान लौटते वक्त सोमवार सुबह करीब 7 बजे छोटे बेठिया थाना क्षेत्र में आल्दण्ड के जंगल में अचानक से फायरिंग शुरू हो गई। इसका जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया।

## भारतीय पत्रकारों को चीन में रहने की मंजूरी नहीं

**NEW DELHI :** चीन ने भारत के आखिरी पत्रकार को भी देश छोड़ने का आदेश दे दिया है। यह पत्रकार न्यूज एजेंसी पीटीआई का है और उसके चीन में रहने से संबंधित डॉक्यूमेंट्स को रिन्यू नहीं किया गया है। चीन का आरोप है कि भारत में उसके जर्नलिस्ट्स से सही बर्ताव नहीं किया जाता। लिहाजा, वो भी सख्त कदम उठाने पर मजबूर है। हालांकि सोमवार को चीन के रुख में कुछ नरमी देखी गई। उसकी फॉरेन मिनिस्ट्री ने कहा- उम्मीद है, दोनों देश इस तनाव को दूर करने के लिए बीच का रास्ता निकाल लेंगे। बहरहाल, भारत से पहले यही सलूक अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के साथ भी किया जा चुका है। डोनाल्ड ट्रम्प जब प्रेसिडेंट थे, तब उन्होंने चीन की इन हरकतों का माकूल जवाब दिया था।

# पटना से रांची के लिए VANDE BHARAT EXPRESS का ट्रायल रन रहा सफल, 6 घंटे में पहुंची, किया गया जोरदार स्वागत

## पटना से सुबह सुबह 6:55 बजे हुई रवाना, दोपहर 12:48 बजे पहुंची रांची, 6 स्टेशनों पर हुआ ठहराव

**PHOTON NEWS RANCHI :** पटना से रांची के लिए चलने वाली सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस सोमवार सुबह रवाना हुई और करीब 12.48 बजे रांची रेलवे स्टेशन पहुंची। हालांकि ट्रेन में यात्री सवार नहीं थे, यह केवल ट्रायल रन था। यह ट्रेन पटना जंक्शन से सुबह 6:55 बजे के करीब खुली थी। पटना से रांची के बीच छह स्टेशनों पर इसका ठहराव हुआ। जहानाबाद, गया, कोडरमा, बरकाकाना, हजारीबाग, मेसरा में इस ट्रेन का ठहराव दिया गया था। हालांकि, शुरूआत में गया और बरकाकाना जंक्शन पर ही केवल ठहराव का समय निर्धारित किया गया था, लेकिन शेष चार स्टेशनों पर भी इसका ठहराव कुछ देर के लिए हुआ। रेलवे की ओर से जारी ट्रायल के समय सारणी के मुताबिक पटना जंक्शन से यह सुबह 6.55 खुलकर 8.20 बजे गया पहुंची। गया में इसका दस मिनट के करीब ठहराव हुआ। सुबह 8.30 बजे गया से खुलकर यह ट्रेन दोपहर 11.30 बजे तक बरकाकाना पहुंची। रांची में यह ट्रेन दोपहर 12 बजकर 48 मिनट पर पहुंची। रांची से पटना जाने के क्रम में यह ट्रेन दोपहर दो बजकर 20 मिनट पर रांची से खुलेगी। रात आठ बजकर 25 मिनट पर पटना पहुंचेगी। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया था कि वंदे भारत ट्रेन के ट्रायल की तारीख तय कर दी गयी है। 12 जून को ट्रेन पटना जंक्शन से रवाना होगी। ट्रायल सफल होने के बाद इसे यात्रियों के लिए भी शुरू कर दी जायेगी। इसके पूर्व वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन हजारीबाग टाउन स्टेशन पर सुबह 10 बजकर 21 मिनट पर पहुंची। ट्रेन पहुंचने के साथ ही भारत माता की जय और नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद के नारे से रेलवे स्टेशन गूंज उठा। दो मिनट के स्टॉपेज के बाद ट्रेन आगे के लिए निकल गयी। लेकिन वंदे भारत के प्रति हजारीबाग के लोगों की दीवानगी देखते ही बनी। इस दौरान कोई सेल्फी ले रहा था, तो कोई ट्रेन को चूम रहा था। महिला, पुरुष और बच्चे समाज के हर तबके ने वंदे भारत ट्रेन का दिल खोलकर स्वागत किया। आम जनता से लेकर राजनेता, समाजसेवी सभी में खासा उत्साह दिखा। हजारीबाग की पूर्व सांसद नाथ पांडेय ने कहा कि यह भाजपा और केंद्र सरकार की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि वंदे भारत ट्रेन हजारीबाग से होते हुए गुजर रही है। आम जनता में काफी उत्साह भी है। सरकार ने जो वादा किया था, वह अब पूरा किया। वहीं उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि 2024 समाप्त होते-होते दिल्ली और कोलकाता से भी हजारीबाग से होते हुए ट्रेन गुजरेगी और आम जनता को इसका लाभ मिलेगा।


रांची स्टेशन पर खड़ी वंदे भारत ट्रेन व ट्रेन को देखने के लिए जुटी भीड़ ● फोटोन न्यूज

### वंदे भारत में हैं आठ बोगियां

पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में आठ बोगियां हैं। सभी बोगियों में एसी चेयरकार की सुविधा है। हर कोच चार आपातकालीन पुश बटन के साथ जीपीएस आधारित सूचना प्रणाली से युक्त होगा। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से पटना और रांची के बीच सफर का समय कम हो जायेगा। अब कम समय में पटना से रांची तक की यात्रा की जा सकती है। वंदे भारत ट्रेन से इस दूरी को तय करने में सिर्फ छह घंटे पांच मिनट का समय लगेगा। अभी इन दोनों स्टेशनों के बीच सफर के समय की बात करें, तो अभी इस दूरी को तय करने में नौ घंटे का वक्त लगता है। इस वक्त पटना से रांची के बीच सफर में जन शताब्दी एक्सप्रेस से सबसे कम समय लगता है। इस ट्रेन से सात घंटे लगते हैं। उल्लेखनीय है कि झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के झारखंड बंद को देखते हुए रेलवे ने पटना-रांची वंदे भारत ट्रेन के ट्रायल रन को रि-शेड्यूल किया है। पहले ट्रायल 11 जून को होना था। लेकिन बंद को देखते हुए 12 जून किया गया।

# खान-पान के मामले में बिहार से पीछे झारखंड

## राज्य में शुद्धता के मानको का पालन नहीं



**PHOTON NEWS RANCHI :** सुरक्षित खान-पान के मामले में झारखंड पड़ोसी राज्य बिहार से भी पीछे है। झारखंड में शुद्धता के मानकों का पालन नहीं हो रहा है। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर जारी भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकार (एफएसएसएआइ) 2022-23 की रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है। फूड सेफ्टी इंडेक्स में झारखंड 20 राज्यों की रैंकिंग में 20वें स्थान पर है। फूड टेस्टिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर व सर्विलेंस, मैनपावर, ट्रेनिंग, अवेयरनेस और कंज्यूमर एंपावरमेंट के विभिन्न मानकों में तय किये गये अधिकतम 100 अंकों में झारखंड ने केवल 20 अंक प्राप्त किये हैं। जबकि 20.5 अंक के साथ बिहार 19वें पायदाव पर है। इतना ही नहीं पिछले साल की तुलना में इस साल झारखंड को 21.5 अंक कम मिले हैं। बता दें कि स्टेट फूड सेफ्टी इंडेक्स की लिस्ट में केरल पहले नंबर पर है। जबकि पंजाब दूसरे और तमिलनाडु तीसरे स्थान पर है।

### किन राज्यों को कितने अंक

- केरला : 63
- पंजाब : 57.5
- तमिलनाडु : 56.5
- मध्यप्रदेश : 56
- उत्तरप्रदेश : 52.5
- गुजरात :48.5
- बंगाल : 48
- महाराष्ट्र : 45
- राजस्थान : 45
- हिमचाल : 41
- उत्तराखंड : 39
- कर्नाटक : 37
- हरियाणा : 33
- तेलंगाना : 32
- ओडिसा : 29
- छत्तीसगढ़ : 27
- आंध्रप्रदेश : 27
- असम : 22
- बिहार : 20.5
- झारखंड : 20

### किस मानकों पर झारखंड को मिले 20 अंक

- मानव संसाधन तथा संस्थागत डाटा : 05 अंक
- शिकायतों का निष्पादन : 04 अंक
- खाद्य जांच संरचनाएं तथा सर्विलांस : 05 अंक
- प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण : 04 अंक
- उपभोक्ता जागरुकता : 02 अंक

# LAND SCAM : सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन अटैच

## ईडी ने 75.39 करोड़ की संपति को लिया अपने कब्जे में

**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची में जमीन घोटाले मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत ईडी जांच कर रही है। इस मामले में सोमवार को ईडी ने 75.39 करोड़ रूपया की संपत्ति की अटैच किया है। जिनमें सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन और हेहल अंचल के बजरा मौजा की 7.16 एकड़ जमीन को अस्थायी रूप से ईडी ने अटैच किया है। बता दें कि सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की कीमत 41.51 करोड़ रुपये और बजरा मौजा में 7.16 एकड़ जमीन की कीमत 32.87 करोड़ लगाई गई है।

**जमाबंदी को रद्द करने का दिया था आदेश**

रांची के तत्कालीन डीसी छवि रंजन ने अपने कार्यकाल के दौरान हेहल अंचल के बजरा मौजा की 7.16 एकड़ जमीन की 82 साल पहले से चली आ रही जमाबंदी को रद्द करने का आदेश दिया था।अंचल अधिकारी द्वारा तैयार सादा पंचनामा को सही करार देते हुए विनोद सिंह के नाम पर म्यूटेशन करने का आदेश दिया। इसके बाद विनोद सिंह से जमीन खरीदनेवालों के आवेदन पर 150 पुलिस जवानों को तैनात कर जमीन की घेराबंदी करवा दी। इस मामले में तत्कालीन आयुक्त ने सरकार से उपायुक्त सहित जालसाजी में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की अनुशंसा की थी। हालांकि सरकार ने किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।



### अमित-दिलीप की रिमांड खत्म, भेजे गए जेल

बरियातू रोड स्थित सेना के जमीन घोटाले मामले में कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद ईडी ने सोमवार को अदालत में पेश किया। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेजने का आदेश दिया। उल्लेखनीय है कि बीते नौ जून को अदालत ने ईडी को इन दोनों से तीन दिनों तक रिमांड पर पूछताछ की अनुमति दी थी। दोनों की गिरफ्तारी सात जून को देर रात कोलकाता से हुई थी।

## पूर्व डीसी छवि रंजन सहित दस के खिलाफ आरोप पत्र दायर

**CRIME REPORTER RANCHI :** सेना के कब्जे वाली जमीन सहित अन्य भूमि की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन सहित दस के खिलाफ सोमवार को आरोप पत्र दायर किया। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में ईडी के अधिकारी कागजात लेकर पहुंचे और कोर्ट में जमा किया। जमीन घोटाले के अब तक की जांच में अमित अग्रवाल और दिलीप घोष से पहले ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर चुकी है।

### फर्जीवाड़े में संलिप्तता पर ईडी ने की पूछताछ

## अमित ने आरोपों को किया खारिज, दिलीप ने कबूला

**RANCHI :** सेना की जमीन घोटाला मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रही है। इस मामले बीते दिन ईडी ने कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को गिरफ्तार किया था। दोनों को तीन दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के दौरान अमित अग्रवाल ने सेना जमीन खरीद में फजीर्वाड़े और उसमें अपनी संलिप्तता से इंकार किया है। अमित अग्रवाल ने ईडी को पूछताछ में बताया कि बरियातू स्थित जमीन की खरीद-बिक्री में उसकी कोई भूमिका नहीं है, लेकिन जब अमित अग्रवाल से ईडी के अधिकारियों ने साक्ष्य और बैंक खातों के ट्रांजेक्शन दिखा सवाल पूछे तो उसने चुप्पी साध ली। ईडी के अधिकारियों ने अमित अग्रवाल के कर्मचारियों के द्वारा ही जगतबंधु टी एस्टेट के खाते में पैसे डलवाने और फिर राजेश ऑटो मर्चेंडाइज नाम की कंपनी में 4.13 करोड़ रुपये ट्रांसफर करने के बारे में पूछा तो वो सही से जवाब नहीं दे पाए। वहीं, दूसरी तरफ ईडी की पूछताछ में जगतबंधु टी एस्टेट के निदेशक दिलीप घोष ने अपनी संलिप्तता कबूली है।

### जी-20 देशों के विकास मंत्रियों की वाराणसी में हुई बैठक, पीएम ने वर्चुअली किया संबोधित

# काशी सदियों से ज्ञान, चर्चा, संस्कृति व अध्यात्म का केंद्र, शहर में विरासत का सार : PM MODI

**AGENCY VARANASI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जी-20 देशों के विकास मंत्रियों की बैठक को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने बैठक की सफलता की कामना और अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा -'काशी की आत्मा भारत की कालातीत परंपराओं से ऊर्जावान है। मुझे उम्मीद है कि आप अपना सारा समय मीटिंग रूम में नहीं बिताएंगे। मैं आपको प्रोत्साहित करता हूं कि आप बाहर जाएं। अन्वेषण करें और काशी की भावना का अनुभव करें। और, मैं ऐसा केवल इसलिए नहीं कहता कि काशी मेरा निर्वाचन क्षेत्र है। मुझे विश्वास है कि गंगा आरती और सारनाथ की यात्रा का अनुभव आपको वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा।' प्रधानमंत्री ने वीडियो सम्बोधन में कहा- 'मैं लोकतंत्र की जननी के सबसे पुराने जीवित शहर (बनारस) में आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूं। काशी सदियों से ज्ञान, चर्चा, संस्कृति और अध्यात्म का केंद्र रही है। इसमें भारत की विविध विरासत का सार है।' उन्होंने कहा -'वैश्विक दक्षिण के लिए विकास एक मुख्य मुद्दा है। ग्लोबल साउथ के देश वैश्विक कोविड महामारी द्वारा उत्पन्न व्यवधानों से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। भू-राजनीतिक तनावों के कारण खाद्य, ईंधन और उर्वरक संकट ने एक और झटका दिया है। ऐसी परिस्थितियों में, आपके द्वारा लिए गए निर्णय पूरी मानवता के लिए बहुत मायने रखते हैं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम सतत विकास लक्ष्यों को पीछे न जाने दें। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पीछे न छूटे। इस समूह के लिए दुनिया को एक मजबूत संदेश देना अनिवार्य है कि इसे हासिल करने के लिए हमारे पास एक कार्य योजना है। मैं जी-20 विकास मंत्रियों से विकास के इस मॉडल का अध्ययन करने का आग्रह करता हूं।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- 'यह प्रासंगिक हो सकता है क्योंकि आप एजेंडा 2030 को गति देने की दिशा में काम कर रहे हैं।


कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते प्रधानमंत्री ● फोटोन न्यूज

# देश में फुटकर महंगाई दर 2 साल के सबसे निचले स्तर पर

## खाने-पीने के सामान की कीमतें घटने का असर

**AGENCY NEW DELHI :** देश में फुटकर महंगाई दर मई में घटकर 4.25% पर आ गई है। यह 25 महीनों में महंगाई का सबसे निचला स्तर है। अप्रैल 2021 में महंगाई 4.23% रही थी। खाने-पीने की चीजों के दाम में गिरावट के कारण महंगाई में यह कमी आई है। इससे पहले अप्रैल 2023 में रिटेल महंगाई दर 4.70% रही थी। ग्रामीण महंगाई दर 4.68% से घटकर 4.17% पर आ गई है। शहरी महंगाई दर 4.85% से घटकर 4.27% पर आ गई है। कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के बास्केट में लगभग आधी हिस्सेदारी खाने-पीने की चीजों की होती है। मई में खाद्य महंगाई दर घटकर 2.91% पर आ गई है। अप्रैल 2023 में यह 3.84% और मार्च में 4.79% रही थी।

**महंगाई घटना इकोनॉमी के लिए अच्छा संकेत**

महंगाई में आई गिरावट को लेकर एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह इकोनॉमी के लिए अच्छा संकेत है। सप्लाई चेन में सुधार और कमोडिटी की कीमत में राहत का भी फायदा मिला है। हालांकि इस महीने हुई मॉनेटरी पॉलिसी मीटिंग की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा था कि महंगाई को लेकर चिंता और अनिश्चितता अभी भी बरकरार है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने महंगाई पर अर्जुन की नजर बनाए रखने की जरूरत को दोहराया था। उन्होंने कहा था कि महंगाई अभी भी 4% के टारगेट से ऊपर बनी हुई है।

# DEGREE प्रदान करने से कुछ नहीं होगा, सही कार्य योजना बनाकर करें काम : राज्यपाल

PHOTON NEWS RANCHI

राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विश्वविद्यालयों को विजन, मिशन और लक्ष्य के साथ कार्य करना चाहिए। सिर्फ डिग्री प्रदान करने से कुछ नहीं होगा, विश्वविद्यालयों को विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए सोचना होगा, विद्यार्थियों को अध्ययन के बाद कैसे रोजगार प्राप्त हो, इस दिशा में कार्य करना होगा। विश्वविद्यालयों के पास सही कार्ययोजना होना चाहिए। हमें वक्त की मांग को समझना चाहिये। राज्यपाल सोमवार को राज भवन में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति-कुलसचिव के साथ विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे।


समीक्षा बैठक में राज्यपाल व विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति-कुलसचिव। ● द फोटोन न्यूज

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय को व्यवहारिक रूप से प्रगति करने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। उन्हें बेहतर पाठ्यक्रम को अपनाना चाहिए, साथ ही रोजगारपरक पाठ्यक्रम को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रयास करने की दिशा में ध्यान देने के लिए कहा।

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय एक नये मिशन के साथ कार्य करें। विश्वविद्यालयों में जीरो भ्रष्टाचार, जीरो ड्रग्स एवं जीरो रिकोमेंडेशन होना चाहिए। उनका प्रदर्शन उत्कृष्ट होना चाहिये। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन और सुधार करने वाले विश्वविद्यालयों को पुरस्कृत करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में अनुशासन का वातावरण होना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है। सभी विश्वविद्यालयों को बेहतर मानक को अपनाना चाहिये। विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान होना चाहिए तथा उनके प्लेसमेंट पर ध्यान दिया जाय। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय को खेलकूद सहित विभिन्न गतिविधियों के अवसर पर उपायुक्त, आरक्षी अधीक्षक को आमंत्रित करना चाहिए। उन्हें जिला प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए। साथ ही विश्वविद्यालय ऐसे सफल उद्योगपतियों और प्रख्यात हस्तियों को आमंत्रित करें, जिससे विद्यार्थियों में प्रेरणा का संचार हो। इससे हमारे विद्यार्थियों को लाभ हों।

उन्होंने कहा कि हमें विश्वविद्यालय को ऊपर उठाने का प्रयास करना चाहिये। आप सफलता हासिल करते हैं तो विद्यार्थी सफलता हासिल करते हैं। समीक्षा के क्रम में झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बहुत कम कैम्पस सेलेक्शन पर नाराजगी प्रकट की। उन्होंने चिकित्सा महाविद्यालयों के संदर्भ में चर्चा करते हुए इनकी आधारभूत संरचना विकसित करने और अन्य आवश्यताओं की दिशा में ध्यान देने की बात कही। ताकि सीटों की संख्या में वृद्धि हो सकें। बैठक में विश्वविद्यालय में काउंसलिंग सेंटर स्थापना के संदर्भ में चर्चा की गयी, जिससे शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थी अपनी भावनाओं से अवगत करा सकें।

राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार प्रो ई बालागुरुस्वामी ने विश्वविद्यालयों में शोध पर जोर देते के लिए आधारभूत संरचना विकसित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने में विश्वविद्यालय की अहम भूमिका है। विश्वविद्यालयों में सकल नामांकन अनुपात में वृद्धि लाना होगा तथा विश्वविद्यालय रोजगार सुलभ कराने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय को नैक मूल्यांकन में कम से कम ह्यएह्न ग्रेड हासिल करने के लिए प्रयास करना चाहिए।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी, राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार प्रो० ई० बालागुरुस्वामी सहित राज्य में स्थित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति - कुलसचिव उपस्थित थे।

## BRIEF NEWS

### श्राद्धकर्म व शादी समारोह में शामिल हुए युवा नेता

RAMGARH : गोला प्रखंड के मुरुडीह निवासी गोजो महतो की बेटी प्रतिमा कुमारी एवं पुरन नायक की बेटी रोशनी कुमारी साथ ही ब्राह्मण भोज में हुल्लु निवासी घनेनाथ महतो जी के माता जी श्रद्धा कर्म में पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु प्रार्थना किए व शादी समारोह में रामगढ़ की लोकप्रिय विधायक सुनीता चौधरी जी के निदेर्शानुसार आजसू पार्टी के युवा नेता प्रभात कुमार शामिल होकर उसके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दिए मोके पर संकर दयाल महतो बिरजू महतो जयनंदन महतो भिसम्बर महतो सहित परिवार कई लोग शामिल थे

### जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में झामुमो प्रतिनिधिमंडल सीईओ से मिला

RAMGARH : झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू के नेतृत्व में सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी मिला। इस दौरान अधिकारी को शहर की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। शहर में नालियों कि साफ-सफाई ठीक नहीं है, नईसराय से विनझार तक स्ट्रीट लाइट का अभाव है। शहर में सफाई व्यवस्था स्वच्छता अभियान को मुंह चिढ़ाता है। प्रचंड गर्मी के इस माहौल में विभिन्न वार्ड क्षेत्रों में पानी की भयावह किल्लत है। वार्ड नंबर 1 महतो टोला के आसपास और वार्ड नंबर 7 के विभिन्न बस्तियों में पानी की किल्लत बरकरार है। शहर की सड़कों की स्थिति खराब है, मरम्मत कराने की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल की बातों पर सीईओ एमएस हरीविजय ने गंभीरता से विचार करने की बात कही। पेयजल की किल्लत वाले क्षेत्र में टैंकरों से जलापूर्ति कराने का भरोसा दिया। शहर की विभिन्न समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। झामुमो के प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष सहित जिला सचिव विनोद कुमार महतो, अरुण बनर्जी, राजकुमार, मिथुन मुंडा आदि शामिल थे।

### भारतीय जनता युवा मोर्चा रामगढ़ कैंट मंडल ने किया मोटरसाइकिल रैली का आयोजन

RAMGARH : भारतीय जनता युवा मोर्चा रामगढ़ कैंट मंडल के द्वारा स्थानीय सुभाष चौक से थाना चौक होते हुए सिद्धू कान्ह मैदान तक मोटरसाइकिल रैली का आयोजन हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार के सफलतम नौ वर्ष सुशासन के पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया। सर्वप्रथम नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया उसके बाद मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। इस मोटरसाइकिल रैली का नेतृत्व रामगढ़ कैंट मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष श्री तरुण कुमार साव ने किया। इस मोटरसाइकिल रैली में मुख्य रूप से भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री दीपक सोनकर, भाजपा रामगढ़ जिला के मंत्री वसुध तिवारी, भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल उपाध्यक्ष संतोष शाह ,भाजयुमो रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष नीरज प्रताप सिंह, मंत्री नीतीश कुमार, धीरेंद्र कुमार साव, भाजयुमो रामगढ़ कैंट मंडल महामंत्री अमित ठाकुर, आईटी सेल प्रभारी शशि शेखर सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी सौरव कुमार, शुभम कुमार इत्यादि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### साक्ष्य फूड सेफ्टी सर्विस से तीन हजार लोगों को रोजगार मिलेगा : बन्ना गुप्ता


कार्यक्रम में बन्ना गुप्ता व अन्य । ● द फोटोन न्यूज

RANCHI : स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सोमवार को लालपुर स्थित होटल रॉयलसेन में साक्ष्य फूड सेफ्टी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बताया कि राज्य में सुव्यवस्थित तरीके से साफ-सुथरा खानपान के लिए साक्ष्य फूड सेफ्टी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड को चुना गया है। इससे 3000 लोगों को रोजगार दिया जाएगा। फूड सेफ्टी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के झारखंड कॉर्डिनेटर रितेश पासवान ने कहा कि लोगों के बीच जागरूकता अभियान में बताया जा रहा है कि लोगों को साफ-सुथरा खानपान दिया जाए। दुकानों में किसी तरह से भंडारण न किया जाए। साथ ही लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें प्रमाण पत्र मुहैया कराया जाये।

### सांसद सरोज पांडेय आज आएंगी रांची

RANCHI : भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री एवं महा जनसंपर्क अभियान की झारखंड प्रभारी सांसद सरोज पांडेय मंगलवार को सेवा विमान से अपराह्न तीन बजे रांची आएंगी। यह जानकारी सोमवार को अभियान के प्रांत संयोजक डॉ प्रदीप वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सांसद पांडेय वाईबीएन स्कूल धुर्वा में हटिया विधानसभा क्षेत्र के संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को चार बजे अपराह्न संबोधित करेंगी। वे शाम पांच बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में महा जनसंपर्क अभियान की प्रदेश समिति की बैठक में भाग लेंगी। शाम सात बजे सेवा विमान द्वारा दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

### पद्मभूषण कड़िया मुंडा को प्रदेश भाजपा ने किया सम्मानित


कड़िया मुंडा को सम्मानित करते सांसद । ● द फोटोन न्यूज

RANCHI : प्रदेश भाजपा की ओर से सोमवार को महा जनसंपर्क अभियान के तहत पद्मभूषण कड़िया मुंडा को उनके खूंटी स्थित आवास पर अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह तथा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने पद्मभूषण मुंडा को सम्मानित किया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि कड़ियाजी महान व्यक्तित्व के धनी हैं। केंद्रीय मंत्री, लोकसभा उपाध्यक्ष, लंबे समय तक क्षेत्र के सांसद एवं विधायक के रूप में इन्होंने भारतीय लोकतंत्र की मजबूती एवं जनसेवा के लिए अपना योगदान दिया। जनजाति बहुल क्षेत्र में इन्होंने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अलख जगाई। भाजपा की मजबूती और सफलता कड़िया जी जैसे कार्यकताओं के कठिन परिश्रम का ही परिणाम है। सुदूर वनवासी क्षेत्र के लाल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पद्मभूषण सम्मान से विभूषित कर झारखंड का सम्मान बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पार्टी के ऐसे वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समाज के विशिष्ट जन को सम्मानित करना प्रदेश भाजपा का कर्तव्य है।

### राज्यपाल से मिले झारखंड स्टेट बार काउंसिल के उपाध्यक्ष


राज्यपाल से मुलाकात करते स्टेट बार काउंसिल के उपाध्यक्ष व अन्य । ● द फोटोन न्यूज

RANCHI : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को झारखंड स्टेट बार काउंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने राज भवन में भेंट की। इस दौरान शुक्ला ने झारखंड के अधिवक्ताओं की समस्याओं से राज्यपाल को अवगत कराया। उन्होंने राज्य में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू कराने और झारखंड में भी अन्य राज्यों की तरह बजट में अधिवक्ता कल्याण के लिए निधि का आवंटन कराने सहित अन्य मांग राज्यपाल से की। वहीं दूसरी ओर राज्यपाल से राजभवन में अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद, झारखंड प्रदेश का एक शिष्टमंडल मिला।

# झामुमो जब जनता के बीच जायेगी तब उनसे लोग मांगेंगे हिसाब : राम शिंदे

PHOTON NEWS RANCHI

रांची पहुंचे महाराष्ट्र विधानपरिषद के सदस्य राम शिंदे ने झारखंड की हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचारी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी कलम से अपने, पत्नी और भाई के नाम जमीन और माइंस आवंटित की। उनके प्रधान सचिव राजीव अरूण एक्का पर गंभीर आरोप लगे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव में जब झामुमो जनता के बीच जायेगी, तब लोग उनसे हिसाब करेंगे।



मीडिया को संबोधित करते राम शिंदे व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

राम शिंदे ने सोमवार को रांची में विधायक नवीन जायसवाल के आवास पर पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के नौ साल पूरे होने पर भाजपा की ओर चलाये जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत मोदी सरकार की उपलब्धियां और हेमंत सरकार की नाकामियां गिनायीं। शिंदे ने कहा कि झारखंड सरकार काम नहीं कर रही है। जब से यह सरकार सत्ता में आयी है, राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ और लव जिहाद के मामले बढ़े हैं। धर्मांतरण के मामलों में वृद्धि हुई है। सरकार तुष्टिकरण की नीति के तहत इन्हें बढ़ावा दे रही है। इस सरकार की नीति और नीयत दोनों ठीक नहीं है। हेमंत सोरेन की सरकार ने स्थानीय और नियोजन नीति के नाम पर युवाओं को धोखा दिया। महिलाओं और किसानों के लिए रघुवर सरकार के समय बनी योजनाओं को बंद कर दिया। केंद्र सरकार की ओर से चलायी जा रही योजनाओं को भी झारखंड में लटका रहे हैं।

मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए राम शिंदे ने कहा कि सरकार ने अपने कार्यकाल में नौ आईआईएम खोले। 225 मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई। 71,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। 9300 जन औषधि केंद्र खोले गये। 5.65 करोड़ से ज्यादा लाभुकों को मिशन इंद्रधनुष का फायदा मिला। 2.97 करोड़ लोगों को वंदे भारत मिशन के तहत विदेशों से भारत वापसी हुई। नेशनल हाइवे बनाने में 208 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। पहले 12 किमी सड़क प्रतिदिन बनती थी। अब 37 किमी प्रतिदिन बन रही हैं। पहले 74 हवाई अड्डे थे। मोदी सरकार ने 74 नये हवाई अड्डे बनवाये। उत्तर पूर्वी राज्यों में उग्रवादी घटनाओं में 76 फीसदी की कमी हुई। वहीं झारखंड के खूंटी को प्रधानमंत्री ने देश के पहले सोलर कोर्ट की सौगात दी। झारखंड से ही मुद्रा योजना, आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में देशभर में मनाने का निर्णय लिया।

# वंदे भारत एक्सप्रेस के बरकाकाना पहुंचने पर अंबा प्रसाद ने जयंत सिन्हा को दी बधाई

**केंद्र व राज्य सरकार की सहभागिता से पूरी हुई महत्वाकांक्षी रेल परियोजना : अंबा प्रसाद**

PHOTON NEWS RAMGARH

झारखंड राज्य के लिए 12 जून सोमवार का दिन ऐतिहासिक रहा है। सोमवार को पटना-रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का सफल ट्रायल किया गया। बरकाकाना जंक्शन वंदे भारत एक्सप्रेस के पहुंचने पर विधायक अंबा प्रसाद ने हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा को मिठाई खिलाकर बधाई दी।


सांसद जयंत सिन्हा को मिठाई खिलाकर बधाई देती विधायक अंबा प्रसाद। ● द फोटोन न्यूज

मौके पर विधायक ने कहा कि यह महत्वकांक्षी रेल परियोजना राज्य व केंद्र सरकार के सहभागिता से पूरा किया गया है। राज्य सरकार ने रेल परियोजना के निर्माण में केंद्र से ज्यादा पैसा लगाया है। साथ ही कानून व्यवस्था, भूमि अधिग्रहण तथा वन क्षेत्र के एनओसी आदि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि कोडरमा-हजारीबाग-रांची भाया बरकाकाना नई रेल लाइन में ट्रेन परिचलन शुरू होने से सुदूरवर्ती क्षेत्र के दर्जनों गांव के लाखों लोगों को परोक्ष रूप से फायदा होगा। उन्हें अपने सब्जी बिक्री के लिए रांची का बड़ा बाजार उपलब्ध होगा। इससे उनकी तरक्की के साथ-साथ आर्थिक स्थिति भी मजबुत होगी।

विधायक ने क्षेत्र वासियों को भी मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए कहा कि पटना-रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन शुरू होने से झारखंड वासियों को पटना से रांची और रांची से पटना आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। काफी कम समय में लोग यात्रा को पूरा कर पाएंगे।

विधायक अंबा प्रसाद ने रेलवे विभाग के दुर्गम पहाड़ों में इस चुनौतीपूर्ण कार्य को संपन्न करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा की उनकी टीम वर्क के कड़ी मेहनत से ही परियोजना को पूरा किया गया है। इसके लिए तमाम लोग बधाई के पात्र हैं।

मौके पर सांसद जयंत सिन्हा के साथ सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबा, राजू चतुर्वेदी, अमरेश सिंह, जगतार सिंह, भोला सिंह कुशवाहा, संतन सिंह, सागर दांगी, पंचम महतो, विधायक अंबा प्रसाद के साथ विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, अंजन प्रसाद सहित दर्जनों भाजपाई व कांग्रेसी मौजूद थे।

**ऐतिहासिक पल का गवाह बनकर हो गया गौरवान्वित : प्रकाश मिश्रा**

बिहार झारखंड के लिए सौगात पहला वन्दे भारत ट्रेन रामगढ़ जिले में बरकाकाना स्टेशन में हजारीबाग के लोकप्रिय सांसद श्री जयंत सिन्हा के साथ 12 जून को पूर्वाह्न 11.20 में पहुंची। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने झारखंड, बिहार को यह उपहार दिया है। आज इस ट्रेन में बैठकर मै भी बरकाकाना से रांची का सफर किया यह हम सभी के लिए गौरव की बात है।

मंत्री हफीजुल हसन की अध्यक्षता में बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की हुई बैठक

# पर्याप्त मात्रा में पेयजल और बिजली आपूर्ति करें

PHOTON NEWS KODARMA

अल्पसंख्यक कल्याण व निबंधन मंत्री हफीजुल हसन की अध्यक्षता में सोमवार को बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई। बैठक में मंत्री ने विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की समीक्षा की।

उन्होंने मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाएं टीसीबी, डोभा, फील्ड बंड आदि योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने पथ व ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत योजनाओं यथा सड़क निर्माण कार्य की जानकारी ली और कहा कि योजनाओं को यथाशीघ्र पूरा करें। इस शिकायत पर कि जिले में योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास अधिकारी खुद कर रहे हैं, मंत्री ने जनप्रतिनिधियों द्वारा ही योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने का निर्देश दिया।



बैठक में शामिल मंत्री हफीजुल हसन व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

साथ ही कल्याण विभाग को कब्रिस्तान के चारदीवारी के साथ साथ सौंदर्यीकरण की योजनाओं को लेने को कहा। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में पेयजल आपूर्ति पर्याप्त से हो, ख़्याल रखेंगे। साथ ही बिजली संकट को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। मंत्री ने खनन विभाग की समीक्षा करते हुए कोडरमा जिला में लीजधारक की जानकारी ली। उन्होंने चालान काटने से संबंधित आवश्यक दिशानिर्देश दिये। पर्यटन से संबंधित विकास को लेकर प्रस्ताव देने का बात कही। आउटसोर्सिंग के तहत बहाली को लेकर 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने की बात कही।

बैठक में विधायक अमित यादव, विधायक उमाशंकर अकेला यादव, विधायक कोडरमा डॉ नीरा यादव, उपायुक्त आदित्य रंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, सभी जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

# सीसीएल अध्यक्ष ने सीएम से की मुलाकात



RANCHI : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक पी.एम. प्रसाद ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को ₹द अर्नड लाइफ (ळ्ल्हए एअफ्ठएऊछक्र्रुह्य)₹ पुस्तक भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पी.एम. प्रसाद को कोल इंडिया का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## हेसाग स्थित पशुपालन विभाग के सभागार में कृषि मंत्री ने गोधन न्याय योजना का किया लोकार्पण

# जैविक कृषि के क्षेत्र में बना सकते हैं JHARKHAND की पहचान

PHOTON NEWS RANCHI

हटिया के हेसाग स्थित पशुपालन विभाग के सभागार में राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने सोमवार को गोधन न्याय योजना का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने राज्य के विभिन्न जिलों से आए प्रगतिशील किसानों और दुग्ध उत्पादकों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि राज्य में गोवंश के गोबर से हम जैविक कृषि के क्षेत्र में झारखंड की पहचान बना सकते हैं। आज हम केमिकल फर्टिलाइजर पर आश्रित हैं, जो हमारे स्वास्थ्य पर गहरा असर छोड़ते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के पांच जिलों से गोधन न्याय योजना की शुरूआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हो रही है। इस प्रोजेक्ट की सफलता की समीक्षा के उपरांत पूरे राज्य में इसे चलाने की योजना बनाएंगे, इसलिए सभी गोपालकों से निवेदन है कि वह राज्य को जैविक झारखंड बनाने की दिशा में आगे बढ़ें।



कार्यक्रम में उपस्थित कृषि मंत्री बादल पत्रलेख व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

बादल ने कहा कि राज्य में ज्यादा से ज्यादा जैविक खाद्य पदार्थों का उपयोग हो, हमारे उत्पादों को जैविक की मान्यता मिले, इसके लिए एजेंसी और सेंटर बनाने की तैयारी सरकार कर रही है। वर्मी कंपोस्ट के लिए हमने 10 करोड़ के बजट का प्रावधान किया है, अगर यह सफल रहा, तो 100 करोड़ की योजना भी बनाई जाएगी। इस योजना के तहत राज्य के किसानों को 8 रुपए किलो वर्मी कंपोस्ट उनके इलाके में ही उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही गोपालकों से 2 रुपए किलो गोबर सरकार लेगी और प्रसंस्करण के बाद किसानों को वर्मी कंपोस्ट के रूप में उपलब्ध कराएगी।

इस योजना का उद्देश्य झारखंड राज्य में उपलब्ध गोवंश के द्वारा उत्सर्जित गोबर का उपयोग वर्मी कंपोस्ट तैयार करते हुए कृषक की रासायनिक खादों पर निर्भरता को कम करने एवं कृषकों की आय में वृद्धि करना है। साल 2019 के आर्थिक सर्वे के अनुसार राज्य में 12.57 मिलियन गोवंश हैं। एक अनुमान के तौर पर गोवंश के द्वारा 504 लाख टन गोबर का उत्सर्जन प्रति वर्ष किया जाता है। बता दें कि गोवंश द्वारा उत्सर्जित गोबर कृषि के पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि ये मिट्टी के जलधारण क्षमता को बढ़ाते हुए मिट्टी की जैविक मात्रा में वृद्धि करते हैं।

गोबर को कृषि कार्यों में प्रभावी ढंग से इस्तेमाल करने के लिए एक प्रभावी प्रबंधन की जरूरत है, जो कृषकों के लिए लाभदायक होगा। पूरे राज्य में उत्पादित गोबर को गोपालकों से क्रय कर वर्मी कंपोस्ट में परिवर्तित कर अनुदानित दर पर कृषकों को उपलब्ध कराने का ये पायलट प्रोजेक्ट है। प्रोजेक्ट की शुरूआत वर्तमान समय में प्रत्येक प्रमंडल के एक जिला से की जा रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से कृषि निदेशक चंदन कुमार, उद्यान निदेशक, सीईओ ओफाज महालिंगा शिवाजी, निदेशक हॉर्टिकल्चर नेसार अहमद, संयुक्त निदेशक शशिभूषण अग्रवाल, रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी भविष्यानंद सहित जिला कृषि पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में कृषक और कृषक मित्र उपस्थित थे।

### गोधन न्याय योजना का लक्ष्य

- पशुपालकों की आय में वृद्धि।
- पशुधन विचरण एवं खुली चराई पर रोक।
- जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा एवं रसायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करना।
- स्थानीय स्तर पर जैविक खाद की उपलब्धता।
- स्थानीय स्वयं सहायता समूह, बेरोजगार युवकों को रोजगार के अवसर, गोशालाओं का सुदृढ़ीकरण।
- भूमि की उर्वरता को बढ़ाने में मदद।
- रासायनिक रहित खाद पदार्थों की उपलब्धता।

BRIEF NEWS

## रांची पुलिस के लिए सेंटेविटा अस्पताल ने चलाया बीट द हीट अभियान

**RANCHI :** रांची स्थित सेंटेविटा अस्पताल ने सोमवार को रांची पुलिस के समर्थन में बीट द हीट अभियान चलाया। इसके तहत शहर में ड्यूटी पर तैनात रांची पुलिस और ट्रैफिक पुलिस के जवानों को रेडी टू ड्रिंक ओआरएस के साथ थैंक्यू कार्ड भी दिया गया। प्रत्येक वर्ष गर्मियों के मौसम में चलाया जाने वाला बीट द हीट अभियान इस वर्ष भी चलाया जा रहा है। इससे ड्यूटी पर तैनात पुलिस के जवानों को अस्पताल समय-समय पर सहयोग करता रहता है। अभियान के माध्यम से अस्पताल यह सन्देश भी देना चाहता है कि मुश्किल परिस्थितियों में हम सब के साथ खड़े हैं।

## रांची सिविल कोर्ट में विशेष मध्यस्थता अभियान, पहले दिन 41 मामले निष्पादित

**RANCHI :** झालसा के निर्देश पर रांची सिविल कोर्ट में पारिवारिक मामलों के निष्पादन के लिए विशेष मध्यस्थता अभियान की शुरूआत की गई। यह अभियान 16 जून तक चलेगा। सोमवार को अभियान की शुरूआत फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ऋषिकेश कुमार ने की। इस दौरान सिविल कोर्ट के अन्य न्यायिक पदाधिकारी और बार के अध्यक्ष शंभू अग्रवाल और महासचिव संजय विद्रोही भी मौजूद रहे। फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ऋषिकेश कुमार ने मध्यस्थों और अधिवक्ताओं से कहा कि आपसी तालमेल व मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक वादों को सुलझायें, ताकि न्यायालय में लंबित वादों को कम किया जा सके। पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के पहले दिन कुल 41 मामलों को सफलतापूर्वक निपटाते हुए निष्पादित कर दिया गया।

## ट्रेनी सिपाही की बिगड़ी तबीयत, रिम्स में हुई मौत

**RANCHI :** प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं सिपाही की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। जमशेदपुर जिला बल के आरक्षी मथुरा यादव झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग, पदमा ट्रेनिंग सेंटर (पीटीसी) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। इसी दौरान सोमवार को उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। तुरंत उनको हजारीबाग से रांची रेफर किया गया। जहां रिम्स में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर आज रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

**RANCHI :** विश्व रक्तदाता दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। बता दें कि झारखंड सरकार के पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दिवंगत हाजी हुसैन अंसारी की याद में डोरंडा के मनीटोला में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## प्राकृतिक आपदा से प्रभावित आश्रितों को मिलेगा मुआवजा डीसी ने दी स्वीकृति

**RANCHI :** प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) से मरने वाले मवेशियों के प्रभावितों को मुआवजा मिलेगा। रांची डीसी राहुल सिन्हा ने क्षतिपूर्ति के लिए सहायता राशि भुगतान करने की स्वीकृति दे दी है। इसके तहत बेड़ो अंचल के दो प्रभावितों को कुल 55 हजार रुपये की मुआवजा राशि दी जायेगी। बता दें कि वज्रपात के कारण सात सितंबर 2020 को बेड़ो अंचल की आवेदिका गांगी देवी का एक मवेशी मर गया था।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# HC के नए भवन में पौधरोपण के साथ न्यायिक कार्य हुए शुरू

## चीफ जस्टिस ने कहा, कैंपस को स्वच्छ रखना सबकी जिम्मेदारी

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट के नए भवन में सोमवार से न्यायिक कार्यों की शुरूआत हो गई। गर्मी छुट्टी के बाद कोर्ट में नियमित रूप से मुकदमों की सुनवाई हुई। नई बिल्डिंग में न्यायिक कार्यों की शुरूआत से पहले चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र ने हाईकोर्ट के अन्य न्यायाधीशों के साथ पौधरोपण किया। हाई कोर्ट के नए भवन में सुबह 9:30 बजे पौधरोपण का कार्यक्रम हुआ। मौके पर चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र ने कहा कि आज का दिन काफी शुभ है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मावकाश के तीन सप्ताह में हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार सहित कर्मियों ने छुट्टी नहीं ली, ताकि शिफ्टिंग का काम पूरा हो सके। अब शिफ्टिंग का काम पूरा हो गया है। आज से हाई कोर्ट अपने नए भवन में शुरू हो रहा है। इस शुभ दिन को यादगार बनाए रखने के लिए हम लोगों ने पौधे लगाकर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया है। कैंपस को स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। पौधरोपण कार्यक्रम में हाई कोर्ट के सभी जज, रजिस्ट्रार जनरल, महाधिवक्ता राजीव रंजन, एडवोकेट एसोसिएशन झारखंड हाई कोर्ट के प्रेसिडेंट ऋतु कुमार और स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण, एसोसिएशन के धीरज कुमार आदि उपस्थित थे।

**25 वरीय अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया :** वहीं हाईकोर्ट में वरीय अधिवक्ताओं को पहले दिन सम्मानित किया गया। हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा, एके कश्यप, अजीत कुमार, आरएन सहाय, वीपी सिंह, ए अल्लाम समेत 25 वरीय अधिवक्ताओं को सम्मानित कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।



हाईकोर्ट के पहले दिन वरीय अधिवक्ताओं को किया गया सम्मानित ● फोटोन न्यूज

### जल्द ही बायोमेट्रिक सिस्टम लागू होगा

मौके पर चीफ जस्टिस संजय कुमार ने अधिवक्ताओं से अपील की कि हाईकोर्ट परिसर को स्वच्छ रखने और प्लास्टिक मुक्त रखना सबकी जिम्मेदारी है। इसमें सबकी भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि नया हाईकोर्ट कैंपस काफी बड़ा है। यहां की सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए जल्द ही बायोमेट्रिक सिस्टम लागू किया जाएगा, जो सब पर लागू होगा।

## HC के नए भवन में पहले दिन JHARKHAND EDUCATION TRIBUNAL केस की हुई सुनवाई

हाईकोर्ट के पांच जजों की खंडपीठ में झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण अधिनियम के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सोमवार को सुनवाई के दौरान प्रार्थी और प्रतिवादी दोनों पक्षों की ओर से बहस के लिए समय देने का आग्रह किया गया। दोनों पक्षों के आग्रह को स्वीकार करते हुए अदालत ने इस केस के सुनवाई की अगली तिथि 21 जून निर्धारित की है। दरअसल विद्या भारती चिन्मया विद्यालय के चेयरमैन मनीष कुमार मिश्रा, मनोरंजन कुमार सिन्हा, उपेंद्र कुमार पांडे और कृष्ण कुमार झा की ओर से दाखिल अलग-अलग याचिकाओं को एक साथ सूचीबद्ध कर हाईकोर्ट सुनवाई कर रहा है। झारखंड एजुकेशन ट्रिब्यूनल के मामले में दो अलग-अलग आदेश हाईकोर्ट के 3 जजों की बेंच से दिया गया है। दोनों आदेश विरोधाभासी होने के कारण यह मामला सुनवाई के लिए पांच जजों वाली बेंच में भेजी गई है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा, जस्टिस रत्नाकर भेंगरा, जस्टिस अनुभा रावत चौधरी, जस्टिस दीपक रौशन और जस्टिस नवनीत कुमार की संवैधानिक पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता कुमार हर्ष और सूरज किशोर प्रसाद ने पक्ष रखा।

# चुटिया में ऑटो चालक की चाकू मारकर हत्या

**CRIME REPORTER RANCHI :** चुटिया थाना क्षेत्र स्थित सरकारी बस स्टैंड के समीप सोमवार को दो अपराधियों ने आटो चालक रोहित कुमार झा पर चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव स्वजनों के हवाले कर दिया। चुटिया थानेदार ने बताया कि रोहित रविवार को अपने दोस्त निखिल के साथ घर से निकला था। रात तीन बजे सरकारी बस स्टैंड के समीप बाइक से दो युवक पहुंचे और रोहित से बातचीत करने लगे। दोनों युवक कुछ देर तक बातचीत करने के बाद रोहित पर चाकू से हमला कर दिया। रोहित को गुरूनानक अस्पताल ले जाया गया लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस रोहित के दोस्त निखिल से थाना में पूछताछ की रही है। निखित ने पुलिस को बताया कि दोनों युवक रोहित से इस तरह बातचीत कर रहे थे जैसे पहले से उनकी जान पहचान थी। एक युवक ने तो रोहित से हाथ भी मिलाया था।

**बाइक छोड़कर फरार हुए अपराधी**

पुलिस का कहना है कि दोनों अपराधियों ने रोहित पर जब हमला किया तो रोहित वहां से भागने लगा। कुछ दूर जाकर रोहित गिर गया। इसी दौरान दोनों युवक भी भागने लगे लेकिन वह बाइक से गिर गए। इसके बाद दोनों युवक बाइक छोड़कर भाग निकले। रोहित का दोस्त निखिल उसी बाइक से रोहित को अस्पताल ले गया। अस्पताल पहुंचने के बाद निखिल ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

### पांच सौ रुपये के लिए युवक को मारी गोली

कोतवाली थाना क्षेत्र के छोटा तालाब के पास सोमवर को इमरान नाम के युवक को गोली मारकर घायल कर दिया गया। इमरान ने पुलिस को बयान दिया है कि वह मंडी से काम कर लौट रहा था। रास्ते में कुर्बान नाम के युवक ने उसे पकड़ लिया और पांच सौ रुपये की मांग करने लगा। इमरान ने पैसा देने से इंकार कर दिया तो आरोपित से विवाद बढ़ गया। इसी बीच कुर्बान ने पिस्टल निकालकर इमरान को गोली मार दी। हालांकि इमरान को गोली मारने के बाद आरोपित कुर्बान जान बचाने के लिए इमरान प्राइवेट अस्पताल ले गया। वहां इमरान को रिम्स रेफर कर दिया गया। इसके बाद कुर्बान इमरान को लेकर रिम्स गया। रिम्स में ही पुलिस को सूचना मिली कि कुर्बान ने ही गोली मारी है। पुलिस ने कुर्बान को रिम्स से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पिस्टल बरामद कर लिया है।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है पुलिस**

चुटिया थाना की पुलिस का कहना है कि सरकारी बस स्टैंड के समीप लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाला जा रहा है ताकि पुलिस अपराधियों तक पहुचं पाए। दोनों अपराधी रोहित पर हमला करने के बाद स्टेशन की ओर भागे थे। पुलिस को जो बाइक मिला है उसका डिटेल निकाला जा रहा है। बाइक में बिहार का नंबर प्लेट लगा हुआ है। पुलिस का कहना है कि रोहित की मां स्टेशन पर पेपर बेचने का काम करती है। रात में ही पुलिस ने रोहित की मौत की खबर उसकी मां को दे दिया था।

# सड़क निर्माण कार्य में लगे रोड रोलर में अपराधियों ने लगाई आग

● पेयजल टंकी, सोलर प्लेट और बिजली के तार टूटने की वजह से जरवाडीह गांव में पेयजल और बिजली आपूर्ति ठप



**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची-मुरी सड़क निर्माण कार्य में लगी जय माता दी कस्ट्रंक्शन कंपनी के रोड रोलर को अज्ञात अपराधियों ने जला दिया। यह मामला जिले के अनगड़ा थाना क्षेत्र के जोन्हा के जरवाडीह गांव का है। रोड रोलर के अलावा गांव की पेयजल टंकी, सोलर प्लेट और बिजली के तार भी पूरी तरह से जल गये। जिसकी वजह से जरवाडीह गांव में पेयजल और बिजली आपूर्ति ठप्प हो गयी है। ग्रामीणों के एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

**बाइक पर सवार होकर आये थे अपराधी :** बताया जाता है कि सोमवार की सुबह सोसो गांव की ओर से एक बाइक पर सवार होकर दो युवक कंपनी के साइट पर पहुंचे। रोड रोलर को स्टार्ट कर आगे पीछे किया। इसके बाद डीजल डालकर आग लगा दी। घटना की जानकारी मिलते ही अनगड़ा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची । आगलगी की घटना को उग्रवादी संगठन, आपराधिक गिरोह या असमाजिक तत्वों ने अंजाम दिया है, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## डीजीपी अजय कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, दिए कई निर्देश

# अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर रखें कड़ी नजर : DGP

**CRIME REPORTER RANCHI :** अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने का डीजीपी अजय कुमार सिंह ने जिले के एसएसपी, एसपी को निर्देश दिया है। सोमवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान डीजीपी ने यह निर्देश दिया। बैठक के दौरान ने डीजीपी ने राज्य में विधि-व्यवस्था, वारंट और कुर्की से संबंधित मामलों का निष्पादन, अपराध नियंत्रण, अवैध खनन, अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब और पुलिस की आधारभूत संरचनाओं से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा की।

**साइबर अपराध के मुद्दे पर भी चर्चा**

बैठक के दौरान डीजीपी के द्वारा साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए चर्चा की गई। जिसमें डायल- 1930 को सुदृढ करने तथा उस पर आने वाले कॉल पर त्वरित कार्रवाई करने पर जोर दिया गया। बैठक में बताया गया कि अभी तक डायल- 1930 पर ससमय सूचना प्राप्त होने पर कुल चार करोड़ आठ लाख सत्तासी हजार रुपयों को फ्रिज कराते हुए साइबर अपराधियों से सुरक्षित बचा लिया गया है।





पुलिस मुख्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीजीपी ● फोटोन न्यूज

**श्रावणी मेला को लेकर विधि-व्यवस्था की चर्चा**

राज्य में आने वाले पर्व त्योहार एवं श्रावणी मेला को देखते हुए विधि-व्यवस्था के संधारण में आ रही कठिनाईयों एवं उसके निराकरण को लेकर चर्चा की गई। साथ ही पूर्व में घटित सांप्रादायिक घटनाओं से संबंधित दर्ज कांडों की भी समीक्षा की गई। साथ ही विधि-व्यवस्था संधारण के लिए निरोधात्मक कार्रवाई करने तथा सोशल मीडिया पर प्रभावी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया, ताकि असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर अफवाह, भड़काऊ भाषण एवं झूठी सूचना नहीं फैलाई जा सके।

### आपराधिक गिरोहों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश

डीजीपी ने अपराध नियंत्रण के लिए संगठित आपराधिक गिरोहों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। संगठित आपराधिक गिरोह के फरार अपराधकर्मियों को गिरफ्तार करने एवं अपराध नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। डीजीपी ने कहा कि लंबित कांडों एवं राज्य में महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराध में त्वरित कार्रवाई करें। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में डायन प्रथा जैसे कुरीतियों को दूर करने के लिए ग्रामीणों के बीच जागरुकता फैलाने पर जोर दिया। उन्होंने सर्टिफिकेट केस में निर्गत वारंट का तामिला करने, राज्य में अवैध उत्खनन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए गठित टास्क फोर्स द्वारा लगातार छापामारी करने तथा एनडीपीएसएक्ट के तहत प्रतिवेदित कांडों की संख्या, अफीम की खेती को नष्ट करने एवं तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई, उसके तहत की गई गिरफ्तारी और बरामदगी के संबंध में जानकारी ली।

# रिम्स के डॉक्टर्स कॉलोनी में गंदे पानी की सप्लाई, एक महीने से मोहल्लेवासी परेशान

**PHOTON NEWS RANCHI :** रिम्स के डॉक्टर्स कॉलोनी में रहने वाले चिकित्सक-कर्मचारियों को पिछले एक महीने से गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। बता दें कि बरियातू थाना के पास स्थित डॉक्टर्स कॉलोनी की आबादी हजारों में है, लेकिन कॉलोनी में गंदे पानी की समस्या को लेकर विभागीए अधिकारियों की निंद नहीं खुल रही है। वहीं रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग के चिकित्सक डॉ विकास कुमार ने कहा कि इंसान के लिए पानी सबसे जरूरी है। इस भीषण गर्मी में भले कुछ मिले न मिले लेकिन पानी जरूर मिलना चाहिए, लेकिन एक महीने से गंदे पानी के सप्लाई से कॉलोनी के लोग परेशान हैं। नल खोलते ही गंदा पानी निकलने लगता है। यह पानी हाथ लगाने योग्य तक नहीं है। उन्होंने कहा कि समस्या को लेकर मैंने एसडीओ, जूनियर इंजीनियर समेत विभागीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर तक को सूचना दी है। अश्वासन दिया गया है कि दो-तीन दिन के अंदर समस्या को दूर कर दी जाएगी। वहीं चिकित्सक डॉ रवि ने कहा कि नल से इतना गंदा पानी आ रहा है कि इससे गंदे कपड़े को धोने पर कपड़ा और भी ज्यादा गंदा हो जाएगा। शौच के लिए भी इस पानी का इस्तेमाल करने में डर लगता है। अक्सर इन्फेक्शन का खतरा रहता है। मरीजों की सेवा करने वाले चिकित्सक खुद बीमार हो जाएंगे तो परेशानी ज्यादा होगी।

## किशोरी को भगाया, नाबालिग को पुलिस ने भेजा रिमांड होम

**RANCHI :** नगड़ी थाना क्षेत्र में किशोरी को भगाने के आरोप में नाबालिग लड़के को पुलिस ने पकड़कर बाल सुधार गृह भेज दिया। नगड़ी थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो ने बताया कि घर से नाबालिग लड़की लापता होने के बाद घरवालों ने थाना को सूचना दी और कहा कि उनकी बच्ची को बहला फुसला कर आरोपी फरार हो गया है। लड़की की मां ने बताया कि लड़का ने प्रेमजाल और ब्रेनवाश कर मेरी लड़की को फंसा लिया है।

# सितम ढा रही गर्मी से लोग परेशान, शाम पांच बजे तक राजधानी की सड़कें वीरान

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड को फिलहाल गर्मी और लू से राहत मिलती नहीं दिख रही। राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। कई जिलों का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पास है। सुबह से शाम पांच बजे तक सड़कों में सन्नाटा रहता है। रांची मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले पांच दिन तक मौसम में किसी तरह के परिवर्तन का संकेत नहीं है। 18 से 20 जून के बीच फुहारों की उम्मीद की जा सकती है। पिछले 24 घंटे के तापमान की बात करें तो सबसे अधिक अधिकतम तापमान 44.1 डिग्री सेल्सियस गोड्डा का रहा। आनंद ने लोगों के बेवजह घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। राज्य के नौ जिलों में पारा 40 के पार पहुंच चुका है। मानसून 18 से 20 जून तक राज्य में प्रवेश करेगा। आमतौर पर मानसून झारखंड में 14 से 15 जून तक प्रवेश कर जाता है। इस बार पांच दिनों की देरी से प्रवेश करने की संभावना जताई जा रही है। भीषण गर्मी और लू को देखते हुए राज्य सरकार ने 12 जून से 14 जून तक झारखंड के सभी स्कूल को बंद करने का आदेश जारी कर दिया है।

**उम्मीद : पांच महीने पहले सड़क हादसे का शिकार हुआ था युवक, प्राइवेट अस्पताल ने लूटा**

# टूट चुकी थी 11 हड्डियां, रिम्स ने पैरों पर खड़ा कर भेजा घर

**PHOTON NEWS RANCHI :** कई बार बड़े हादसे से उबरने वाले लोग कहते हैं कि मौत छूकर निकल गयी। यमराज ने जान बख्श दिये। ऐसा ही मामला हजारीबाग में आया। जहां 25 साल का युवक मौत को छूकर निकल गया। दरअसल हजारीबाग में पांच महीने पहले सड़क हादसा हुआ था। जिसमें 25 साल का एक युवक बुरी तरह से घायल था। इस हादसे में युवक के दो दोस्तों की मौत ऑन स्पॉट ही हो गयी थी। युवक की हालत भी बहुत गंभीर थी। बेहतर इलाज के लिए परिजन रांची के एक प्राइवेट अस्पताल लेकर आए। जहां 16 दिन रखने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों को 12 लाख का बिल थमा दिया। लेकिन ऑपरेशन तक नहीं हुआ था। जब परिजनों के पास पैसे खत्म हो गए, तो वे मरीज को लेकर रिम्स के न्यूरोसर्जरी वार्ड पहुंचे। स्थिति देखने के बाद डॉक्टरों ने कहा था कि मरीज के बचने की संभावना 10 फीसदी भी नहीं थी। उसके रीढ़ की 11 हड्डियां टूट चुकी थी। सिर की हड्डी टूटी थी। डॉ. अनिल कुमार के युनिट में भर्ती रहने के बाद उन्होंने मरीज का इलाज शुरू किया।

**10 घंटे तक चला ऑपरेशन :** करीब एक माह पहले मरीज का लॉन्ग सिगमेंट स्पाइनल सर्जरी और वर्टिब्रोप्लास्टि की गई। ऊपर से नीचे तक मरीज के 11 हड्डियों को जोड़ा गया। साथ ही जो हड्डी टूटकर छोटी हो गई थी, उसे वर्टिब्रोप्लास्टि की मदद से सीमेंट डालकर तैयार किया गया। ऑपरेशन करीब 10 घंटे तक लगातार चला था। 5 महीने बाद रविवार को मरीज अपने पैर में चलकर अपने घर लौटा। डॉक्टरों का कहना है कि जिसकी बचने की उम्मीद उसके परिजनों ने छोड़ दी थी, उसे नया जीवनदान दिया गया। काफी खुशी हुई, जब मरीज अपने पैर पर चलकर घर गया। रिम्स में इससे पहले इतनी बड़ी स्पाइन सर्जरी नहीं हुई थी। ऑपरेशन टीम में डॉ अनील कुमार, डॉ. विराट और डॉ. विकास कुमार शामिल थे।

# मोरहाबादी में युवक की गला घोंटकर हत्या, पहचान नहीं

**CRIME REPORTER RANCHI :** लालपुर थाना क्षेत्र स्थित मोरहाबादी में अपराधियों ने एक युवक की गला घोंट कर हत्या कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है। घटना की सूचना पाकर लालपुर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों को मौके पर बुलाकर शव की पहचान कराने की कोशिश की गई लेकिन पहचान नहीं हो पाई। मृतक का फोटो जिला के सभी थानेदारों को भेजा गया है कि ताकि मृतक की पहचान हो पाए। पुलिस का कहना है कि मृतक के गले में गमछा लपेटा हुआ मिला है। पुलिस आशंका जता रही है कि मृतक की उसी गमछा से हत्या की गई है। पुलिस को अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस मोरहाबादी में लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का कहना है कि सोमवार की सुबह मोरहाबादी में फुटपाथ दुकानदार अपनी दुकान लगाने पहुंचे तो उन्होंने पुलिस को सूचना दिया कि एक युवक का शव पड़ा हुआ है।

# RAMGARH : जिले में चल रहे विकास कार्यों की डीसी ने की समीक्षा, दिये आवश्यक निर्देश

**PHOTON NEWS RAMGARH**

जिले में चल रहे विकास कार्यों को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।

ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रखंड वार प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों से लक्ष्य के विरुद्ध सृजित मानव दिवसों की जानकारी ली जिसके उपरांत उपायुक्त ने ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करते हुए योग्य व जरूरतमंद लोगों को मनरेगा से जोड़ने व उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मिशन अमृत सरोवर, पोटो हो खेल विकास योजना की समीक्षा करते हुए कार्य प्रगति का जायजा लिया एवं लक्ष्य पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न आवास योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने 2023 -2024 के लिए प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध अब तक हुए कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा की। इस दौरान जिन प्रखंडों में उपायुक्त ने कार्य संतोषजनक नहीं पाया उनके संबंधित अधिकारियों को कार्य को गंभीरता से लेने एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभुकों को लाभ देने के तहत हुए कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने योजना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया वहीं प्रीमैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के संबंध में उपायुक्त ने शेष बचे बच्चों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने हेतु कार्य करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



बैठक करती उपायुक्त माधवी मिश्रा व उपस्थित अन्य अधिकारी। ● द फोटोन न्यूज

विभिन्न पेंशन योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वे कराकर यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई भी योग्य लाभुक पेंशन के लाभ से वंचित ना रहे वहीं उन्होंने पेंशन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया।

कृषि विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत सभी योग्य लाभुकों को लाभ सुनिश्चित करने हेतु शेष बचे हुए लाभुकों का ईकेवाईसी का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने उर्वरक तथा बीज वितरण का कार्य ससमय पूर्ण करते हुए किसानों को लाभ देने का निर्देश दिया।

जल जीवन मिशन के तहत पूरे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता पर मंडल से वर्तमान में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में चल रहे कार्य जानकारी ली वही उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को जिले के सभी सरकारी विद्यालयों व आंगनवाड़ी केंद्रों में अनिवार्य रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

दिव्यांगजनों को आसानी से दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के मद्देनजर उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को विभिन्न स्तरों पर शिविर आयोजित करने एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के साथ समन्वय कर शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

भवन निर्माण निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता को जल्द से जल्द चितरपुर एवं दुलमी प्रखंड में निमार्णाधीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

अंचलवार लंबित दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को ससमय म्यूटेशन संबंधित कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने भूमि, जाति, आय, आवासीय सहित अन्य प्रमाण पत्र लोगों को आसानी से उपलब्ध हो इस दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सिविल सर्जन, भू अर्जन पदाधिकारी, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## अवैध खनन व बालू के उठाव को लेकर उपायुक्त के निर्देश पर जिला स्तरीय टास्क फोर्स ने चलाया जांच अभियान

**RAMGARH :** जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा एनजीटी द्वारा 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू के उठाव पर रोक के मद्देनजर जारी निर्देश के अनुपालन को लेकर उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ मोहम्मद जावेद हुसैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स के द्वारा गोला, दुलमी, चितरपुर एवं पतरातू प्रखंड में औचक जांच अभियान चलाया गया।



जांच अभियान के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

जांच अभियान के दौरान गोला प्रखंड अंतर्गत 2 ट्रैक्टर बालू, चितरपुर प्रखंड अंतर्गत स्टोन चिप्स लदा एक हाईवा एवं 1 ट्रैक्टर, पतरातू प्रखंड अंतर्गत टोकीसूद क्षेत्र से 1 ट्रैक्टर बालू एवं दुलमी प्रखंड अंतर्गत 2 दो-पहिया वाहनों को अवैध रूप से कोयले का परिवहन करने पर जब्त करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। जांच अभियान के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, संबंधित अंचल अधिकारियों, संबंधित थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक संपन्न

**RAMGARH :** सोमवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष, रामगढ़ में उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान माननीय राज्यसभा सदस्य डॉ. महुआ माजी, माननीय विधायक रामगढ़ श्रीमती सुनीता चौधरी, माननीय विधायक बड़कागांव सुश्री अंबा प्रसाद, पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष पांडे, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी सहित अन्य अधिकारी समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक में उपस्थित हुए वहीं विभिन्न पंचायतों के मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिला योजना पदाधिकारी ने न्यास परिषद से अनुमोदन हेतु विभिन्न योजनाओं के संबंध में माननीय राज्यसभा सदस्य, माननीय विधायक, उपायुक्त सहित अन्य को विस्तार से जानकारी दी।

बैठक के दौरान माननीय राज्यसभा सदस्य, माननीय विधायक एवं उपायुक्त सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा रामगढ़ जिले के विभिन्न प्रखंडों के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में चारदीवारी निर्माण योजना, सरकारी विद्यालयों में अतिरिक्त वर्ग कक्ष के निर्माण, विभिन्न सड़क योजनाओं, मोबाइल ब्लड कलेक्शन एंड ट्रांसपोर्टेशन वैन योजना, 586 विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना अंतर्गत बर्तनों की आपूर्ति, डीएमएफटी मद से रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 10वीं तथा 12वीं के छात्र छात्राओं के लिए कैरियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग योजना, डीएमएफटी मद से रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 12 वीं के छात्र छात्राओं के लिए स्त्र१ी-११ू१४ड्डील्ल३ ट्रेनिंग योजना, रामगढ़ जिला अंतर्गत कुल 113 विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना अंतर्गत किचन व स्टोर कक्ष निर्माण कार्य योजना, प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं की अनुशंसा, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रामगढ़ एवं मांडू में रसोईघर निर्माण योजना, पतरातू प्रखंड अंतर्गत टोकी में मगरदहा नदी पर पुल निर्माण योजना, माननीय जनप्रतिनिधियों से प्राप्त अनुशंसाओं सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से चर्चा करने के उपरांत महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए वही उनके द्वारा योजनाओं को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए गए।

बैठक के दौरान उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने सभी जनप्रतिनिधियों से डीएमएफटी के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका सहित सभी क्षेत्रों से योजनाओं को चुनने व अनुशंसा कर भेजने की अपील की। साथ ही बैठक के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े जिले के विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने योजनाओं व अन्य विकास कार्यों को बैठक में रखा। बैठक के दौरान उपरोक्त के अलावा वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, विधायक प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर नदी किनारे फेंकी, आक्रोश



क्षतिग्रस्त प्रतिमा व आक्रोशित ग्रामीण। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS PALAMU**

जिले के पांडू प्रखंड की मुसीखाप पंचायत के कजरूखुर्द के टोला शिवनडीह में लगी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा को रविवार देर रात असामाजिक तत्वों ने उखाड़ कर नदी किनारे फेंक दिया। नदी किनारे क्षतिग्रस्त प्रतिमा देखकर आस पास के ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया। घटनास्थल पर आस पास के लोग जमा होने लगे। सूचना मिलते ही थाना से कनीय पुलिस पदाधिकारी पप्पू मेहता दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मामले की जानकारी ली एवं इसकी सूचना विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार को दी।

सूचना पाकर एसडीपीओ घटनास्थल पर पहुंचे एवं मामले की पूरी जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधि के साथ बैठक कर मामले को शांत कराया। कहा कि इस प्रतिमा को पुनः उसी स्थान पर पूजा अर्चना के पश्चात धूमधाम से लगाया जायेगा एवं इस मामले में दोषी पाए जाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रतिमा के पुर्नस्थापना के लिए एसडीपीओ ने 5100 सौ रुपए, राजेश्वर पासवान एवं भाई गोविंद सिंह ने 11-11 हजार रुपय की सहयोग राशि देने की बात कही।

## दुकान में सो रहे युवक की गोली मारकर हत्या

**PHOTON NEWS PALAMU**

जिले के नीलाम्बर-पीताम्बरपुर (लेस्लीगंज) बाजार में काली मंदिर के पास शेड में संचालित फास्ट फूड दुकान में सोए एक युवक को रविवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक अपने साथी के साथ दुकान में सोया हुआ था। सीने में गोली लगने के बाद देर रात करीब 12.30 बजे उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

मृत युवक की पहचान छोटू कुमार उर्फ ननकू चन्द्रवंशी के रूप में हुई है। घटना के बाद सोमवार को लेस्लीगंज के दुकानदारों ने शव के साथ थाना का घेराव किया और बाजार की मुख्य सड़क को जाम रखा। इस दौरान पुलिस प्रशासन से 24 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गयी। सूचना मिलने पर क्षेत्रीय विधायक डा. शशिभूषण मेहता मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी ली। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि क्षेत्र में अपराधी बेलगाम हो गए हैं और बात बात पर किसी की भी हत्या कर दे रहे हैं। उन्होंने थाना पुलिस को अपराधियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने का निर्देश दिया।

बताया जाता है कि रविवार की रात फास्ट फुड दुकान चलाने के बाद प्रत्येक दिन की तरह छोटू कुमार अपने दोस्त के साथ दुकान में ही सो गया था। घटना के बाद पुलिस ने दोस्त को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। दोस्त पुलिस को जानकारी नहीं दे पा रहा है। जानकारी मिली है कि छोटू पिछले कई वर्षों से बाजार एरिया में चाट और चौमिन बेचा करता था। उसकी मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया हैं। चर्चा है कि कुछ अपराधियों ने छोटू को दुकान खाली करने की चेतावनी दी थी। परिजनों ने ऐसे लोगों पर ही हत्या की आशंका व्यक्त की है। संबंधित अपराधी पूर्व में भी जेल जा चुके हैं। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराने की तैयारी है।

लेस्लीगंज थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने बताया है कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मृतक छोटू कुमार के दोस्त से पूछताछ की जा रही है। घटना के वक्त सभी नशे में थे। गोली आपस में ही चली है या किसी ने मारी है, यह भी जांच का विषय है। इलाके के सभी सीसीटीवी के फुटेज को भी पुलिस खंगाल रही है। हालांकि अभी तक किसी तरह की सफलता हाथ नहीं लगी है।



हत्या के बाद जुटी भीड़ व जांच करती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

### हत्यारों की गिरफ्तारी तक दुकाने बंद रखने का निर्णय

घटना के बाद बाजार क्षेत्र के दुकानदारों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। प्रखंड चैंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष छोटे लाल सोनी ने बताया कि इलाके के मुख्य बाजार में इस प्रकार की घटना गिरती विधि व्यवस्था का परिचायक है। जबतक परिजनों को उचित मुआवजा और अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती, बाजार क्षेत्र की दुकाने बंद

## KHUNTI : रामेश्वर उरांव की अध्यक्षता में 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न

# विभागों के बीच बेहतर समन्वय से कार्य करके योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जा सकता है : रामेश्वर उरांव

**PHOTON NEWS KHUNTI**

खूंटी स्थित आदर्श बालिका विद्यालय के ऑडिटोरियम में सोमवार को योजना एवं वित्त विभाग, वाणिज्यकर विभाग, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों और संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की गयी। मौके पर उपायुक्त ने योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी।

बैठक में वित्त मंत्री डॉ उरांव ने कहा कि विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय से कार्य करने के बाद ही योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जा सकता है।



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते रामेश्वर उरांव व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

बैठक में खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को आपसी समन्वय स्थापित कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को सफल बनाने की बात कही। उन्होंने स्थानीय स्तर पर लक्ष्य निर्धारण कर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में विकास के लिए आवश्यक है जिला स्तर से गठित जांच टीमों द्वारा अनुश्रवण किया जाए।

बैठक में समीक्षा के दौरान जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों में आ रही कमियों को भी अंकित किया गया। इस पर मंत्री और उपायुक्त ने लक्ष्य आधारित कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही निर्देशित किया गया कि सभी प्रखंडों में आयोजित बैठकों में प्रमुखों को सम्मिलित करते हुए क्षेत्र के विकास से संबंधित कार्य किये जाएं। मंत्री ने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष की योजनाओं को ससमय पूर्ण करें अधिकारी। इस संबंध में आ रही समस्याओं के विषय पर उपस्थित विधायक व जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा की गई।

उपायुक्त द्वारा बताया गया कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों में लोगों को प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित किया जा सके। इसके लिए सुदूर क्षेत्रों में अभियान चलाकर प्रयास जारी हैं।

विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि किसानों के आवश्यकताओं के अनुरूप कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देना आवश्यक है। प्रधानमंत्री आवास योजना के उचित क्रियान्वयन एवं राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खूंटी जिले की प्रगति का आकलन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, यातायात, कृषि, वन विभाग, श्रम, ऊर्जा, शिक्षा, गव्य विकास, पशुपालन सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई और समय पर योजनाओं का लाभ लोगों को देने के निर्देश दिये गये।

बैठक में पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल खूंटी के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2024 तक जिले के हरेक घर में नल के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने की योजना है। मंत्री डॉ उरांव ने निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन के उचित अनुश्रवण के लिए जांच टीम का गठन किया गया। उपायुक्त द्वारा बताया गया कि इसे लेकर प्रखंड स्तर पर जिला एवं प्रखंड समन्वयक की टीम गठित की जाएगी।

## BRIEF NEWS

### उपायुक्त ने ऊर्जा रथ को किया रवाना

**LOHARDAGA :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने सोमवार को ऊर्जा विभाग लोहरदगा की ओर से आयोजित कार्यक्रम के दौरान समाहरणालय परिसर से ऊर्जा रथ को सभी प्रखंडों में जागरूकता के लिए रवाना किया। राज्य सरकार की वन टाइम सेटलमेंट योजना के अंतर्गत ऊर्जा रथ सभी प्रखंडों में 30 जून तक लोगों को जागरूक करेगा। इस योजना के तहत वैसे उपभोक्ता जिनके पास 5 केवी से कम लोड का घरेलू या कृषि कनेक्शन है और बिजली बिल का लंबा बकाया है, वैसे उपभोक्ताओं का बकाए बिजली बिल में 31 दिसंबर 2022 तक लगने वाला ब्याज माफ हो जाएगा। वैसे उपभोक्ता विद्युत प्रमण्डल के कार्यालय में 10 बजे से 3 बजे अपराह्न के बीच संपर्क कर अपने बकाए बिजली बिल का भुगतान कर सकते हैं।

### 18 साल से गायब सहायक शिक्षक बर्खास्त

**PALAMU :** उपायुक्त सह अध्यक्ष शिक्षा स्थापना समिति आंजनेयुलु दोड्डे ने सोमवार को जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक की। बैठक में मेदिनीनगर के बंगाली कन्या मध्य विद्यालय में पदस्थापित सहायक शिक्षक बिनोद प्रजापति को बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक सह सचिव शिक्षा स्थापना समिति को सारी कागजी प्रक्रियाओं को त्वरित गति से निष्पादन करने की बात कही। दरअसल,सहायक शिक्षक बिनोद प्रजापति के पिछले 18 वर्ष से अनुपस्थित रहने के संबंध में उपायुक्त को विभिन्न माध्यमों से लगातार शिकायत मिल रही थी, जिसके बाद उपायुक्त ने पूरे मामले की जांच करवाई। जांच में पाया गया कि बिनोद प्रजापति 2005 से विद्यालय आये ही नहीं है। साथ ही उनके द्वारा रांची में वकालत का कार्य किये जाने की पुष्टि भी हुई, जिसके पश्चात उपायुक्त ने सहायक शिक्षक बिनोद प्रजापति को सेवा मुक्त करने का आदेश दिया।

### गिरिडीह : 13 साल का बच्चा लापता

**GIRIDIH :** जिले धनवार थाना क्षेत्र के बरजो गांव निवासी सुनील विश्वकर्मा का 13 वर्षीय पुत्र विशाल विश्वकर्मा रविवार से लापता है। इस बारे में सोमवार को बच्चे की मां मुन्नी देवी ने धनवार थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मुन्नी देवी ने कहा कि रविवार सुबह विशाल घर से खेलने निकला था। दोपहर तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। काफी खोजबीन की, आस पड़ोस में भी फोन करके पता किया, लेकिन वह नहीं मिला। विशाल लाल रंग का टी-शर्ट और ब्लू जींस पहने हुए है। पुलिस बच्चे की तलाश कर रही है।

### पलामू में दुकानदार की गोली मारकर हत्या

**PALAMU :** लेस्लीगंज बाजार में फास्टफूड दुकानदार छोटू उर्फ ननकू की रविवार रात करीब 12 बजे गोली मार दी गई। आनन-फानन में घायल दुकानदार को इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक छोटू उर्फ ननकू लेस्लीगंज बाजार में अपनी दुकान लगाता था। रविवार रात जब वह दुकान बंद कर वहीं सो रहा था तो इस दौरान अपराधियों ने उसे गोली मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### सौंदा बस्ती मध्य विद्यालय में लगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, 100 से अधिक लोगों ने करायी जांच



महिला की स्वास्थ्य जांच करते चिकित्सक। ● द फोटोन न्यूज

**RAMGARH :** सौंदा बस्ती मध्य विद्यालय में सोमवार को सीसीएल बरका सयाल सीएसआर द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जिसमें भुरकुंडा अस्पताल के डॉ नदीम अनवर और डॉ रिया कुमारी द्वारा 100 से अधिक मरीजों का बीपी, शुगर, दमा, गठिया आदि से पीड़ित लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। जिसमें कई मरीजों में दमा सहित कई बीमारियां पाया गाय। शिविर में पाए गए मरीजों के बीच निशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। मौके पर डॉ नदीम अनवर ने मरीजों को उचित परामर्श देते हुए कहा शारीरिक तकलीफ होने पर चिकित्सीय परामर्श जरूर लेना लें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है। जीवन के लिए बेहतर स्वास्थ्य जरूरी है। समय-समय पर इसकी देखभाल जरूरी है। मौके पर चेतन सांडिल्य, मुन्नी कुमारी, कमलेश कुमार, मिथलेश मोहन, गणेश साव सहित सीसीएल अस्पताल के कई लोग उपस्थित थे।

### मन का मिलन पखवाड़ा में 20 मामलों का निपटारा

**GIRIDIH :** झालसा के निर्देश और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार की अध्यक्ष वीणा मिश्रा के निर्देश पर चलाए जा रहे मन का मिलन पखवाड़ा में अब तक 20 मामलों का निपटारा किया गया। डालसा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार समझौता दहेज, आपसी मनमुटाव, अहम के टकराव, पसंदगी-नापसंदगी समेत अन्य मामले शामिल हैं। सभी मामलों का हल दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर आपसी सहमति से कराया गया। पखवाड़ा के बारे में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सौरभ कुमार गौतम ने बताया कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौता कराया जाता है। इससे धन की बचत होती है। दोनों पक्षों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध भी बहाल होता है। पूर्व काल में भी जमीन विवाद और वैवाहिक संबंध में खटास समेत अन्य मामले समाज में आपसी समन्यवय से सुलझाए जाते थे। उसी तर्ज पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार भी मामलों को सुलझा रहा है। पखवाड़ा की शुरूआत 29 मई से हुई थी। 14 जून को इसका समापन होगा। पखवाड़ा में पति-पत्नी के बीच विवाद, जमीन विवाद और पारिवारिक विवाद समेत तलाक संबंधी मामलों का निपटारा किया गया। पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए सभी प्रखंडों के विधिक सहायता केंद्रों में कार्यरत पारा वैधानिक स्वयंसेवकों ने सुदूर ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान चलाया। उसी का फलाफल है कि अभियान को सफलता मिल रही है।

### बीसीसीएल के स्क्रैप में लगी भीषण आग, काबू पाने में जुटा रहा दमकल विभाग

**DHANBAD :** धनबाद के घनुडीह स्थित बीसीसीएल कोलयरी के ओल्ड क्वयारी स्क्रैप में सोमवार की दोपहर भीषण आग लग गई। आग लगने से मौके पर अफरा तफरी मच गया। आग काफी तेज थी। जिस वजह से भीषण आग की लपटें काफी ऊची उठने लगी। देखते ही देखते ही पूरा क्षेत्र काले धुंवे से भर गया। इन भीषण आग में लाखों रुपये के स्क्रैप के जलने की बात कही जा रही है। घटना की सूचना बीसीसीएल कर्मियों ने स्थानीय प्रबंधन को दी। इसके बाद बीसीसीएल की दमकल वाहन मौके पर पहुची। आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मी घंटो से मसक्कत कर रहे है। वहीं आग लगने के कारणों की जानकारी देते हुए बीसीसीएल के स्थानीय अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि यहां रखे बड़े वाहनों के स्क्रैप में शायद किसी बच्चे ने आग लगाई है। फिलहाल दमकल विभाग आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा है।

### करंट की चपेट में आकर महिला की मौत


**GODDA :** ठाकुर गंगटी थाना क्षेत्र अंतर्गत खरखोदिया गांव में सोमवार को करंट लगने से रेखा देवी ( 40 ) की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रेखा देवी अपने घर में स्नान कर कपड़ा सुखने के लिए बिजली के तार पर पसार रही थी। इस दौरान वह तार में प्रवाहित करंट की चपेट में आ गई। आनन-फानन में परिजनों ने उसे हरि देवी रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने रेखा देवी को मृत घोषित कर दिया।

# अंधेरे में डूबा रहा KOLHAN का सबसे बड़ा अस्पताल टॉर्च लाइट में हुआ इलाज, लिफ्ट में फंसे रहे लोग

## एमजीएम अस्पताल में आईसीयू से लेकर वार्ड तक सुबह 10 से 11.30 बजे तक गुल रही बिजली

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** भीषण गर्मी के बीच सोमवार की सुबह लगभग 10 बजे कोल्हान के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमजीएम में बिजली गुल हो गई। इससे पूरे अस्पताल अंधेरे में डूबा रहा और घंटों देर तक अफरा-तफरी मची रही। अचानक से बिजली गुल होने का कारण किसी को कुछ समझ में नहीं आ रहा था। कोई कह रहा था कि जुस्को की तरफ से बिजली काटी गई है तो कोई अस्पताल में ही गड़बड़ी होने की बात कह रहा था। हालांकि, कुछ देर के बाद अस्पताल प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि बिजली अस्पताल के स्विच रूम में एमसीबी जल जाने के कारण बाधित हुई है। अस्पताल के आईसीयू से लेकर इमरजेंसी, वार्ड व डायलिसिस सेंटर में सुबह 11.30 बजे तक बिजली गुल रही। जिसके कारण मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। गर्मी इतनी अधिक थी कि मरीज वार्ड से उठकर बाहर निकल आएं। वहीं, अचानक से बिजली गुल होने की वजह से सर्जरी वार्ड, महिला एवं प्रसूति विभाग व ऑपरेशन थियेटर के लिफ्ट में कुल आठ मरीज फंस गए, जिससे पूरे अस्पताल में हंगामा मच गया। हालांकि, महिला एवं प्रसूति विभाग व ऑपरेशन थियेटर के लिफ्ट से तत्काल मरीजों को बाहर निकाल लिया गया लेकिन सर्जरी वार्ड में घंटों देर तक मरीज फंसे रहे। जब बिजली 11.30 बजे आई तब जाकर मरीज लिफ्ट से निकल सकें। इस दौरान जब वे बाहर निकले तो ऐसा लगा कि वे किसी जंग को जीत लिए हो। मरीजों ने कहा कि लिफ्ट के अंदर वे काफी डरे और सहमे हुए थे। कुछ भी अनहोनी हो सकता था। ओपीडी में अभी भी बिजली नहीं आई है। डाक्टर अंधेरे में ही मरीजों का इलाज कर रहे हैं।





एमजीएम अस्पताल में टॉर्च की लाइट में काम करते डॉक्टर, वार्ड में परेशान मरीज व लिफ्ट में फंसा मरीज • फोटोन न्यूज

## BRIEF NEWS

### सोनारी निर्मल नगर में बिल्डर ने बस्ती को जोड़ने वाले मार्ग को किया बंद, बस्ती के लोगों ने डीसी कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन



**Jamshedpur:** सोनारी में बिल्डर पर बस्ती वासियों के आने जाने की सड़क को रोकने का आरोप लगा है। सोमवार को सोनारी के निर्मल नगर सहित 6 बस्ती के सैकडों की संख्या में लोगों ने उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और उपयुक्त को एक मांग पत्र देकर स्थानीय बिल्डर पर करवाई की मांग की है। लोगों ने अपनी शिकायत में कहा कि स्थानीय बिल्डर ने उनके बस्ती से होकर निकलने के रास्ते को जबरन बंद कर दिया है। जबकि वे लोग उक्त स्थान पर 40 से 50 वर्षों से रह रहे हैं। वही उनके निकलने वाले रास्ते को स्थानीय व्यक्ति गोपाल द्वारा बिल्डर को बेच दिया गया है। अब बिल्डर बस्ती के रास्ते को भी घेरकर भवन बनाने का काम कर रहा है। जिससे उनके निकलने वाला मुख्य मार्ग बंद हो गया है ऐसे में उन्हें आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस्ती वासियों ने जिला उपायुक्त से आग्रह किया है कि उनकी इस समस्या का समाधान करें, ताकि उनके रास्ते को बंद नहीं किया जाए। उन्हें भविष्य में परेशानी ना हो सके, क्यूंकी इन बस्तियों में हजारों की संख्या में लोग रहते हैं। रास्ता बंद होने से उन्हें काफी परेशानी होगी। लोगों की मानें तो जब वे इसका विरोध करते हैं तो बिल्डर की ओर से उन्हें धमकी भी दिया जाता है।

### पटेल महापरिवार ने 10वीं की टॉपर छात्रा को किया सम्मानित



**Jamshedpur:** सामाजिक संस्था पटेल महापरिवार जमशेदपुर की ओर से सोमवार को 10 वीं कि छात्रा अनुष्या सिंह को सम्मानित किया गयो संस्था ने बताया कि छात्रा लिटिल फ्लावर स्कूल में टॉपर, झारखंड में पांचवें एवं राष्ट्रीय स्तर पर आठवीं स्थान लाकर जमशेदपुर के नाम रौशन की है। इस अवसर पर पटेल महापरिवार द्वारा अनुष्या सिंह को पुष्प गुच्छ देने के बाद उन्हें मिष्ठान खिलाया गयो इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने छात्रा को 'खूब पढ़ो आगे बढ़ो' का आशीर्वाद देकर हौसला बढ़ाया। इस प्रतिभावान छात्रा को सम्मानित करने में मुख्य रूप से पटेलमहा परिवार के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र सिन्हा, महासचिव संजीव सिन्हा, विश्वनाथ प्रसाद, रमेश कुमार, सत्येंद्र चौधरी, बैद्यनाथ कुमार, अनिल सिंह, विश्राम प्रसाद, मुकेश सिंह, मुकेश करण, रामप्रीत आदि शामिल थे।

### एमबीएनएस इंस्टीट्यूट की नई बिल्डिंग का उद्घाटन

• अकाउंट और एडमिन सेक्शन के साथ नया क्लासरूम शुरू



**Jamshedpur:** पारडीह स्थित एमबीएनएस इंस्टीट्यूट के नए बिल्डिंग का उद्घाटन सोमवार को किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पारडीकाली मंदिर के महंत बिद्यानंद सरस्वती जी ने भवन का उद्घाटन किया. इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में महंत बिद्यानंद सरस्वती जी, संस्थान के निदेशक विवेक सिंह, प्रमोद सिंह, अनुपा सिंह, पवन सिंह मौजूद रहे. नई बिल्डिंग में अकाउंट सेक्शन एडमिन सेक्शन तथा ने क्लासरूम की सुविधा प्रदान की गई है. अपने संबोधन में स्वामी विद्यानंद सरस्वती ने कहा कि यह संस्थान बहुत जल्द विश्वविद्यालय का रूप लेगा. यह ग्रामीण क्षेत्र के छात्र छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का सबसे प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थान होगा. संस्थान के निदेशक विवेक सिंह ने बताया कि वर्तमान में महाविद्यालय में B.Ed. , D.El.Ed., D.pharm, B.A., B.B.A., B.Com., B.A. in Mass Communication की पढ़ाई हो रही है. महाविद्यालय कोल्हान विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त है. महाविद्यालय के बीएड को एनसीइटी से मान्यता प्राप्त है. इसके अलावा D.Pharma पाठ्यक्रम को P.C.I. से मान्यता मिली है. इसमें प्रवेश भी प्रारंभ हो गया है. निदेशक ने बताया कि छात्र-छात्राओं को जरूरतों को ध्यान में रखकर आने वाले दिनों में कई और पाठ्यक्रम की शुरूआत की जाएगी. कार्यक्रम सुन्दरम प्रियदर्शी, दीपक सिंह,सपना रॉय, लकी राज, कुंदन कुमार, अनुप ठाकुर, राजेश्वर वर्मा और जंग बहादुर सिंह मौजूद रहे.

# ड्यूटी से गायब रहने वाले एमजीएम के चार चिकित्सकों के वेतन पर लगी रोक

• अब नहीं चलेगी मनमानी, एनएमसी सीधे कर रहा निगरानी

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कालेज के चार चिकित्सकों के वेतन पर रोक लगा दी गई है। दरअसल, एमजीएम में बिना ड्यूटी किए ही कुछ चिकित्सक वेतन उठा रहे थे। ये चिकित्सक सप्ताह दो सप्ताह में आते थे और पूरे दिन का हाजिरी बनाकर चले जाते थे। लेकिन जब नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने बायोमीट्रिक हाजिरी जांच की तो ये चिकित्सक फंस गए। इसमें नेत्र रोग विभाग के सहायक प्रोफेसर डा. सीमा कुमारी, बायोकेमेस्ट्री विभाग के विभागाध्यक्ष डा. लक्ष्मण लाल, फामार्कोलाजी विभाग के ट्यूटर डा. सोनिका भारद्वाज व महिला एवं प्रसूति रोग के सह-प्राध्यापक डा. मंजू कुमारी चौधरी का नाम शामिल हैं। इसे देखते हुए प्रिंसिपल डा. केएन सिंह ने पहले इन चिकित्सकों को शोकॉज नोटिस जारी किया था लेकिन उसके बावजूद भी जब सुधार नहीं आई तो इनके वेतन पर रोक लगा दी गई है, जिससे उनकी परेशानी बढ़ गई है। एमजीएम कालेज प्रबंधन की ओर से चिकित्सकों को सख्त निर्देश दिया गया है कि जो बायोमीट्रिक हाजिरी नहीं बनाएंगे उन्हें अनुपस्थित समझा जाएगा और उनका वेतन कटेगा। दरअसल, एनएमसी ने एक ऐसा सिस्टम विकसित किया है जिसके माध्यम से वे मेडिकल कालेजों के प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर सहित अन्य चिकित्सकों पर 24 घंटे निगरानी खुद करती है। इसके माध्यम से अब चिकित्सकों का सारा डिटेल्स एनएमसी के पास मौजूद रहता है।

# डीसी दरबार में भाजपा नेता के रिश्तेदार पर जमीन पर अवैध ढंग से कब्जा करने की शिकायत

## कहा-वह पुलिस व अधिकारियों के चक्कर लगाकर थक गया, अब अंतिम उम्मीद डीसी से

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** जमशेदपुर के गोविंदपुर में सोमवार को जनता दरबार का आयोजन जिला प्रशासन की ओर से किया गया। दरबार में खुद डीसी पहुंची और लोगों की समस्याओं को सुना। जनता दरबार में परसुडीह के खासमहल के रहनेवाले तरूण सोडेरा अपनी समस्या को लेकर पहुंचे हुये थे। उन्होंने डीसी से मिलकर कहा कि बागबेड़ा में उनकी कई एकड़ जमीन है, जिसे भू-माफियाओं ने कब्जा कर लिया है। जमीन वापस दिलाने के लिये वे सालों से संबंधित अधिकारियों के यहां चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन उनकी कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही है। डीसी ने भी पूरी समस्या को सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को इस दिशा में आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया। जमीन अतिक्रमण के



जनता दरबार में अपनी बात रखता फरियादी • फोटोन न्यूज

इस शिकायत में कहा गया है कि बागबेड़ा में आइटीआइ चलाने के लिये तरूण सोडेरा के पिता ने किराये पर जमीन दिया था, लेकिन उस जमीन पर आज की तारीख में 80 लाख रुपये से भी ज्यादा का किराया हो गया है, लेकिन न तो उन्हें किराया दिया जा रहा है और न ही उसे बार बार बोलने पर भी खाली किया जा रहा है। इस जमीन पर कब्जा करने वाला भाजपा नेता सुबोध झा के साले का कब्जा बताया जा रहा है। शिकायतकर्ता की माने तो थाना प्रभारी से शिकायत करने पर भी रोक नहीं लग रहा है। तरूण सोडेरा ने बताया कि वे जमीन पर कब्जा कर मकान बनाने की भी शिकायत 10 सालों से कर रहे हैं, लेकिन आज तक मामले में कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने कहा कि वह बार-बार प्रशासन और पुलिस का चक्कर लगाकर थक गए हैं।

### बिल्डर ने बेच दी जमीन– तरूण

सोडेरा ने कहा कि बागबेड़ा की जमीन बागबेड़ा के रहनेवाले मोहन सिंह उर्फ चंद्रभूषण सिंह ने बेच दी, लेकिन उन्हें एक पैसा तक नहीं दिया। इस मामले में बिल्डर एक माह के लिये जेल भी गया था। यह मामला भी अभी तक लटका हुआ है। बागबेड़ा की जमीन पर पूर्व मुखिया पहाड़ सिंह कब्जा जमाये हुये हैं। जमीन के एवज में वह जमीन के रेट का 50 फीसदी रंगदारी मांग रहा है। गोविंदपुर के अलावा आस-पड़ोस के लोग भी बड़ी संख्या में अपनी समस्याओं को रखा। इस दौरान कई अफसरों की शिकायत लेकर भी पहुंचे थे। इस पर डीसी ने कार्रवाई करने का भी आश्वासन दिया। उपायुक्त ने कहा कि वे खुद इस मामले को देखेंगी।

# पुलिस ने MOBILE चोर गिरोह के तीन सदस्यों को किया गिरफ्तार

## 20 मोबाइल किए गये बरामद

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ने में जमशेदपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। गिरोह के तीन सदस्यों को एएसपी सुमित कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में बनाई गई टीम ने गिरफ्तार किया है। इसका खुलासा सोमवार को गोलमुरी थाने में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान के एएसपी ने किया। पुलिस की ओर से बताया गया कि गिरोह के गिरफ्तार सदस्यों के पास से 20 मोबाइल फोन बरामद किया है। तीनों की गिरफ्तारी के बाद बिरसानगर, सिदगोड़ा, गोलमुरी समेत अन्य कई थाना क्षेत्रों से हुई मोबाइल चोरी की घटनाओं का खुलासा हो हो गया है। गिरोह के इन सदस्यों को किया गया गिरफ्तार, सभी जमशेदपुर के रहने वाले पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है उसमें बारीडीह बस्ती नागाडुंगरी का अजय रविदास उर्फ चौसठ, बिरसानगर थाना क्षेत्र के जोन नंबर 8 सेंटर रोड शिव मंदिर का अजय सिंह भुमिक उर्फ सुकु और बिरसानगर जोन नंबर 8 मोची बस्ती का शत्रुध्न रविदास शामिल है।



पुलिस पदाधिकारी व गिरफ्त में आरोपी • फोटोन न्यूज

## चौथी कक्षा की छात्रा को स्कूल से निकाले जाने के मामले में

# सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल के प्रिंसिपल के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** सेक्रेट हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, बिस्टुपुर प्रबंधन द्वारा स्कूल की क्लास 4 की छात्रा को जबरन टीसी दे दिया गया है। स्कूल प्रबंधन के इस रवैया के खिलाफ छात्रा के अभिभावकों ने विरोध जताते हुए प्रिंसिपल के खिलाफ बिष्टुपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जमशेदपुर अभिभावक संघ के डॉ उमेश कुमार ने कहा कि आज थाना प्रभारी, बिस्टुपुर, जमशेदपुर, के समक्ष स्कूल के प्रिंसिपल के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज करने के लिए लिखित शिकायत दी गई है। उम्मीद है पुलिस इस मामले में उचित कार्रवाई करेगी। क्योंकि यह सीधे एक छात्रा के शिक्षा के अधिकार से वंचित करने का मामला है। साथ ही मामले की जानकारी उपायुक्त व राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग में भी की जाएगी संघ का कहना है कि शिक्षा प्राप्त करना हर बच्चे का अधिकार है जिससे उसे वंचित नहीं किया जा सकता है लेकिन सैक्रेड हार्ट कन्वेंट स्कूल ऐसा बार-बार कर रहा है। संघ का कहना है कि बच्ची



बीमार होने की वजह से कुछ दिन स्कूल नहीं जा सकी थी। लेकिन जब वह ठीक होकर स्कूल पहुंची तो स्कूल प्रबंधन ने उसके अभिभावकों को टीसी पढ़ाते हुए स्कूल से बाहर कर दिया। जमशेदपुर अभिभावक संघ के अध्यक्ष उमेश कुमार ने कहा कि इस मामले में प्रिंसिपल की गिरफ्तारी होनी चाहिए। उनकी माने तो किसी बीमारी से ठीक होकर लौटने पर विद्यार्थियों का हौसला अफजाई करने की जगह सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल ने छात्रा को बाहर भी निकाल दिया।

## कैसे बुझेगी प्यास? चिलचिलाती धूप के बीच घंटों इंतजार के बाद मिलता है बस्ती के लोगों को पानी

# बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते राममडईया बस्ती के लोग

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** शहर से आदित्यपुर की दूरी महज बस एक पुल भर की है आदित्यपुर पुल से एकदम सटे राममडईया बस्ती के लोग इस भारी गर्मी में बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। चिलचिलाते धूप में पीने का पानी लेने के लिए निगम के पानी टैंकर के पास लंबी कतारों में घंटों खड़े रहने पर मजबूर हैं। जबकि यह बस्ती नदी के ठीक किनारे बसा है लगभग 500 की आबादी वाले इस बस्ती में लगभग 50 मकानें है जिसमें बच्चें, बूढ़े, महिलाएं, जवान सभी रहते हैं। सभी मजदूरी कर अपना पेट भरते हैं। पीने के पानी के लिए घंटों धूप में निगम के पानी टैंकर के पास खड़ा रहना पड़ता है। बस्ती के लोगों के अनुसार पानी टैंकर नहीं आने की स्थिति में एक किलोमीटर दूर जाकर पानी लाने जाना पड़ता है। इसके अलावे पानी के अभाव में नदी के अंदर गड्ढाकर पानी निकाल कर काम चलाते हैं। बस्ती के लोगों का कहना है कि रविवार को निगम द्वारा पानी टैंकर उपलब्ध नहीं कराया जाता। लोगों को पूरा पानी भी नहीं मिलता बस्ती के लोग किसी तरह छोटे- छोटे बर्तन, प्लास्टिक के जार, बाल्टी में जमा करके रखते हैं। लोगों ने बताया कि मई-जून के महीनों में भगवान ही बचाते हैं। बस्ती में बोरिंग, चापाकल की सुविधा नहीं है। साथ ही बताया कि घरों में पिछले एक साल से निगम द्वारा जलापूर्ति के लिए घरों में पाइप बिछाया गया है लेकिन पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुआ है। यहाँ तक कि बस्तियों के लोगों को गर्मी के दिनों में पीने और नहाने के लिए पानी खरीदना पड़ता है।





आदित्यपुर राममडईया बस्ती में पानी की आपूर्ति करता टैंकर व पानी के लिए कतार में रखे जार व बर्तन • फोटोन न्यूज

### क्या कहा बस्ती के लोगों ने

राममडईया बस्ती के पार्वती देवी का कहना है कि भारी गर्मी व कड़े धूप में प्रतिदिन पीने के पानी के लिए जूझना पड़ता है बोरिंग व चपाकल नहीं होने से बच्चें, बूढ़े व महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है पीने, नहाने और कपड़े धोने के लिए बस्ती में पानी की सुविधा नहीं है नदी के गंदे पानी में नहाने और कपड़े धोने के लिए मजबूर है वहीं आरती कुमारी ने बताया कि पानी ढोने का काम ड्यूटी जैसा हो गया है टैंकर का पानी भी समय पर नहीं आता है पानी खत्म हो जाने पर एक किलोमीटर दूर से पानी खरीद कर लाना पड़ता है सरकार द्वारा कोई सुविधा नहीं दी गई है उसने बताया की पानी लेने के लिए लंबी लंबी लाइनें लगती है

# वीडियो एल्बम 'तेरी नजरों ने' लॉन्च होते ही इंटरनेट पर होने लगा वायरल

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** लौहनगरी अब कलाकारों का गढ़ बनता जा रहा है एक से बढ़कर एक कलाकार शहर में अपनी प्रतिभा से कला प्रेमियों का दिल जीत रहे है लौह नगरी में हर रोज नए वीडियो एल्बम की लॉन्च हो रही है इस क्रम में जमशेदपुर के कलाकारों की एक टीम द्वारा निर्माण की गई हिंदी वीडियो एल्बम 'तेरी नजरों ने' को साकची स्थित दयाल इंटरनेशनल होटल में लॉन्च किया गया। वीडियो अल्बम को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा नेता व समाजसेवी नीरज सिंह ने इस अवसर पर उन्होंने लैपटॉप पर बटन दबाकर वीडियो लॉन्च की। वीडियो को एलईडी की बड़ी स्क्रीन पर दिखाया गया। इस अवसर पर एलबम के निर्देशक व गीतकार महेंद्र कुमार, वीडियो के लीड एक्टर मनप्रीत सिंह सचदेव, आरती सिंह समेत अन्य कलाकार उपस्थित थे। वीडियो को यू ट्यूब के महेंद्र कुमार ऑफिसियल पर रिलीज किया गया है



तेरी नजरों ने का पोस्टर के साथ नीरज कुमार व कलाकार • फोटोन न्यूज

**नीरज सिंह ने कलाकारों को किया प्रेरित :** वीडियो लॉन्च के पश्चात समाजसेवी व भाजपा नेता नीरज सिंह ने वीडियो एलबम में काम करने वाले सभी कलाकारों को उनकी बेहतरीन काम की सराहना की। साथ ही उन्हें कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कलाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मंजिल मिलने तक संघर्ष करते रहें। चुनौती व कठिनाई से कभी घबराना नहीं है। कहा कि शहर के कलाकारों में काफी दम है, आगे उन्होंने सभी कलाकारों को भरपूर सहयोग करने की बात कही। दूसरी ओर वीडियो अल्बम के सिंगर, डायरेक्टर, लिरिक्स राइटर महेंद्र कुमार ने कहा कि इस वीडियो अल्बम के बाद 6 और वीडियो एलबम समेत 2 फिल्मों व वेबसीरीज पर काम कर रहे है उन्होंने कहा कि उनकी यह एलबम को सभी का बहुत बहुत प्यार मिल रहा है।

# असहाय बचपन-बेहाल बचपन

बालश्रम की समस्या पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर चुनौती है। हालांकि इसके समाधान के लिए बालश्रम पर प्रतिबंध लगाने हेतु कई देशों द्वारा कानून भी बनाए गए हैं लेकिन फिर भी स्थिति में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं देता। बालश्रम के प्रति विरोध तथा इसके लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 12 जून को दुनियाभर में बालश्रम निषेध दिवस मनाया जाता है, जिसकी शुरूआत अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) द्वारा वर्ष 2002 में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बालश्रम से बाहर निकालकर शिक्षित करने के उद्देश्य से की गई थी। बच्चों की समस्याओं पर विचार करने के लिए पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय प्रयास अक्टूबर 1990 में न्यूयार्क में विश्व शिखर सम्मेलन में हुआ था, जिसमें गरीबी, कुपोषण और भुखमरी के शिकार दुनियाभर के करोड़ों बच्चों की समस्याओं पर 151 देशों के प्रतिनिधियों ने विचार-विमर्श किया था। हालांकि चिंता की बात यही है कि बालश्रम निषेध दिवस मनाते हुए 21 वर्ष बीत जाने के बाद भी बालश्रम पर अंकुश नहीं लगाया जा सका है। बढ़ती जनसंख्या, निर्धनता, अशिक्षा, बेरोजगारी, खाद्य असुरक्षा, अनाथ, सस्ता श्रम, मौजूदा कानूनों का दृढ़ता से लागू न होना इत्यादि बालश्रम के अहम कारण हैं। बालश्रम के ही कारण बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाते हैं, उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है, बाल अपराध बढ़ते हैं और भिक्षावृत्ति, मानव अंगों के कारोबार तथा यौन शोषण के लिए उनकी गैर कानूनी खरीद-फरोख्त होती है। आईएलओ की एक रिपोर्ट के मुताबिक विश्वभर में सोलह करोड़ से भी ज्यादा बच्चे बाल मजदूरी करने को विवश हैं, जिनमें से करीब 7.3 करोड़ बच्चे बहुत बदतर परिस्थितियों में खतरनाक कार्य कर रहे हैं, जिनमें सफाई, निर्माण, कृषि कार्य, खदानों, कारखानों में तथा फेरी वाले व घरेलू सहायक इत्यादि के रूप में कार्य करना शामिल हैं। आईएलओ के अनुसार हाल के वर्षों में खतरनाक श्रम में शामिल 5 से 11 वर्ष की आयु के बच्चों की संख्या बढ़कर करीब दो करोड़ हो गई है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार 15 से 24 वर्ष आयु के 54 करोड़ युवा श्रमिकों में से 3.7 करोड़ बच्चे हैं, जो खतरनाक बालश्रम का कार्य करते हैं। कोरोना महामारी के बाद तो इन आंकड़ों में जबरदस्त वृद्धि होने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित सतत विकास लक्ष्य के तहत हालांकि वर्ष 2025 तक बाल मजदूरी को पूरी तरह से खत्म करने का संकल्प लिया गया है लेकिन पूरी दुनिया में बालश्रम के आंकड़े जिस प्रकार बढ़ रहे हैं, उसे देखते हुए फिलहाल ऐसा होता संभव नहीं दिखता। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट में बताया जा चुका है कि दुनियाभर में 13 करोड़ से भी ज्यादा बच्चे किसी न किसी कारण स्कूल नहीं जा पाते। वैसे दुनिया के विभिन्न देशों में बालश्रम को लेकर बच्चों की अलग-अलग आयु निर्धारित है। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार श्रम करने वाले 18 वर्ष से कम आयु वालों को बाल श्रमिक माना गया है जबकि आईएलओ के मुताबिक बालश्रम की उम्र 15 वर्ष तय की गई है। अमेरिका में 12 वर्ष अथवा उससे कम उम्र वालों को बाल श्रमिक माना जाता है जबकि भारतीय संविधान के अनुसार किसी उद्योग, कारखाने या कम्पनी में शारीरिक अथवा मानसिक श्रम करने वाले 5 से 14 वर्ष आयु वाले बच्चों को बाल श्रमिक कहा जाता है। यूनिसेफ के अनुसार दुनियाभर के कुल बाल मजदूरों में 12 फीसदी हिस्सेदारी अकेले भारत की है। हालांकि भारत में बाल श्रम (निषेध व नियमन) अधिनियम 1986 के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के जीवन एवं स्वास्थ्य के लिए अहितकर माने गए किसी भी प्रकार के अवैध पेशों तथा कई प्रक्रियाओं में नियोजन को निषिद्ध बनाता है। वर्ष 1996 में उच्चतम न्यायालय ने भी अपने फैसले में संघीय और राज्य सरकारों को खतरनाक प्रक्रियाओं तथा पेशों में कार्य करने वाले बच्चों की पहचान करने, उन्हें कार्य से हटाने और गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया था। यदि मौजूदा समय में बालश्रम की स्थिति देखें तो करोड़ों बच्चे पढ़ने-लिखने, खेलने-कूदने की उम्र में देशभर के विभिन्न हिस्सों में कालीन, दियासलाई, रत्न पॉलिश, ज्वैलरी, पीतल, कांच, बीड़ी उद्योग, हस्तशिल्प, पत्थर खुदाई, चाय बागान, बाल वेश्यावृत्ति इत्यादि कार्यों में लिप्त हैं। एक ओर जहां श्रम कार्यों में लिप्त बच्चों का बचपन श्रम की भट्ठी में झुलस रहा है, वहीं कम उम्र में खतरनाक कार्यों में लिप्त होने के कारण ऐसे अनेक बच्चों को कई प्रकार की बीमारियां होने का खतरा भी रहता है। खतरनाक कार्यों में संलिप्त होने के कारण बाल श्रमिकों में प्रायः श्वास रोग, टीबी, दमा, रीढ़ की हड्डी की बीमारी, नेत्र रोग, सर्दी-खांसी, सिलिकोसिस, चर्म-रोग, स्नायु संबंधी जटिलता, अत्यधिक उत्तेजना, ऐंठन, तपेदिक जैसी बीमारियां हो जाती हैं। हालांकि भारत में बालश्रम को लेकर स्पष्ट आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं लेकिन वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश में 5 से 14 वर्ष के 25.96 करोड़ बच्चों में से 1.01 करोड़ बालश्रम की दलदल में धकेले गए थे। गैर सरकारी आंकड़ों के अनुसार भारत में वर्तमान में पांच करोड़ से ज्यादा बाल मजदूर हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो देश में कुल बाल मजदूरों में से करीब 80 फीसद बच्चे गांवों से ही हैं और खेती-बाड़ी जैसे कार्यों से लेकर खतरनाक उद्योगों और यहां तक कि वेश्यावृत्ति जैसे शर्मनाक पेशों में भी धकेले गए हैं। बच्चों से बाल श्रमिक के रूप से काम कराने वालों के लिए कानून में दंड का प्रावधान है लेकिन इस दिशा में प्रशासनिक सक्रियता का अभाव स्पष्ट परिलक्षित होता रहा है और यही कारण लाख प्रयासों के बाद भी इस समस्या पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

# नियंत्रित होना चाहिए बाल श्रम

ANALYSIS



रमेश सर्राफ धमोरा

**बाल मजदूरी उन्मूलन के लिए दुनिया भर में 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। बाल मजदूरी के खिलाफ जागरुकता फैलाने और 14 साल से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर उन्हें शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से 2002 में द इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की ओर से इस दिवस की शुरूआत की गई थी। बाल श्रम के खात्मे के लिए आज के दिन श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन और सरकारें तमाम आयोजन करती हैं। इसके बावजूद बाल मजदूरी पर लगाम नहीं लग पा रही है। बाल श्रम से तात्पर्य ऐसे काम से है जो मानसिक, शारीरिक, सामाजिक या नैतिक रूप से बच्चों के लिए खतरनाक और हानिकारक है। उनकी स्कूली शिक्षा में हस्तक्षेप करता है। उन्हें स्कूल जाने के अवसर से वंचित करने व उन्हें समय से पहले स्कूल छोड़ने के लिए बाध्य करता है। बाल मजदूरी और शोषण के अनेक कारण हैं। जिनमें गरीबी, सामाजिक मापदंड, वयस्कों तथा किशोरों के लिए अच्छे कार्य करने के अवसरों की कमी शामिल है।**

भारत में सबसे अधिक आबादी युवकों की है। इसीलिए इसे युवाओं का देश कहा जाता है। युवा शक्ति के बल पर ही भारत विश्व का सिरमौर देश बनने का प्रयास कर रहा है। इतना होने के उपरांत भी आज भारत में बड़ी संख्या में बाल श्रमिक कार्यरत हैं। जो भारत की युवा शक्ति पर एक बदनुमा दाग लगाते हैं। युवा शक्ति वाले देश में बच्चों से काम करवाना जहां युवा शक्ति का अपमान है वहीं देश की छवि भी खराब करता है। इसके लिए सरकार व समाज को मिलकर देश में बाल मजदूरी प्रथा को बंद करवाना होगा। तभी सही मायने में विकसित भारत बन पाएगा। बच्चों को जिस उम्र में खेलना-कूदना, पढ़ना चाहिए। उस नन्ही सी उम्र में वह अपने परिवार का पेट पालने के लिए विभिन्न कल-कारखानों, लोगों के घरों, खेत खलिहान व अन्य स्थानों पर काम करते नजर आते हैं। छोटे-छोटे बच्चों को कठोर काम करते देखकर लोगों का हृदय द्रवित हो जाना चाहिए, मगर ऐसा होता नहीं है। बहुत से घरों में छोटे बच्चों को घरेलू कामगार के रूप में काम करते देखा जा सकता है। जहां संपन्न परिवारों के बच्चे अच्छे और महंगे स्कूलों में पढ़ते हैं। वहीं उसी घर में एक गरीब मां बाप का छोटा बच्चा उनके घरेलू काम करता नजर आता है। यह समाज ही नहीं देश के विकास की राह में भी सबसे बड़ी बाधा है। बाल मजदूरी उन्मूलन के लिए दुनिया भर में 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। बाल मजदूरी के खिलाफ जागरुकता फैलाने और 14 साल से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर उन्हें शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से 2002 में द इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की ओर से



इस दिवस की शुरूआत की गई थी। बाल श्रम के खात्मे के लिए आज के दिन श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन और सरकारें तमाम आयोजन करती हैं। इसके बावजूद बाल मजदूरी पर लगाम नहीं लग पा रही है। बाल श्रम से तात्पर्य ऐसे काम से है जो मानसिक, शारीरिक, सामाजिक या नैतिक रूप से बच्चों के लिए खतरनाक और हानिकारक है। उनकी स्कूली शिक्षा में हस्तक्षेप करता है। उन्हें स्कूल जाने के अवसर से वंचित करने व उन्हें समय से पहले स्कूल छोड़ने के लिए बाध्य करता है। बाल मजदूरी और शोषण के अनेक कारण हैं। जिनमें गरीबी, सामाजिक मापदंड, वयस्कों तथा किशोरों के लिए अच्छे कार्य करने के अवसरों की कमी शामिल है। यह सब वजह सिर्फ कारण नहीं बल्कि भेदभाव से पैदा होने वाली सामाजिक असमानता का परिणाम है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में छोटे स्तर पर होटल, घरों व फैक्टरी में काम कर या अलग-अलग व्यवसाय में मजदूरी कर लाखों, करोड़ों बाल श्रमिक अपने बचपन को तिलांजलि दे रहें हैं। जिन्हें न तो किसी कानून की जानकारी है, और न ही पेट पालने का कोई और तरीका पता है। भारत में ये बाल श्रमिक कालीन, दियासलाई, रत्न पॉलिश व जवाहरात, पीतल व कांच, बीड़ी उद्योग, हस्तशिल्प, होजरी, नारियल रेशा, सिल्क, हथकरघा, कढ़ाई, बुनाई, रेशम, लकड़ी की नक्काशी, फिश फीजिंग, पत्थर की खुदाई, स्लेट पेंसिल, चाय के बागान में कार्य करते देखे जा सकते हैं। लेकिन कम उम्र में इस तरह के कार्यों को असावधानी से करने पर इन्हें कई तरह की बीमारियां होने का खतरा बना रहता है। एक अध्ययन में पता चला है कि जितने भी बच्चे बालश्रम में लिप्त हैं वे या तो निरक्षर थे या पढ़ाई छोड़ दी थी। इनमें अधिकांश बच्चे बीमार पाए गए और कई बच्चे नशे के आदि भी हो गए। बाल श्रम की समस्या का मुख्य कारण निर्धनता और अशिक्षा है। जब तक देश में भुखमरी रहेगी तथा देश का हर नागरिक शिक्षित नहीं होंगा तब तक इस प्रकार की समस्याएं ज्यों की त्यों बनी रहेंगी। देश में बाल श्रमिक की समस्या के समाधान के लिये प्रशासनिक, सामाजिक तथा व्यक्तिगत सभी स्तरों पर प्रयास किया जाना आवश्यक हैं। देश में कुछ विशिष्ट योजनाएं बनाई जाएं तथा उन्हें कार्यान्वित किया जाए। जिससे लोगों का आर्थिक स्तर मजबूत हो सके और उन्हें अपने बच्चों को श्रम के लिये विवश न करना पड़े। प्रशासनिक स्तर पर सख्त-से-सख्त निदेर्शों की आवश्यकता है जिससे बाल श्रम को रोका जा सके। व्यक्तिगत स्तर पर बाल श्रमिक की समस्या का निदान हम सभी का नैतिक दायित्व है। इसके प्रति हमें जागरूक होकर इसके विरोध में आगे आना चाहिए। बाल श्रम केवल भारत तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह एक वैश्विक समस्या है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुमान के मुताबिक विश्व में तकरीबन 22 करोड़ बाल श्रमिक हैं। अकेले भारत में ही करीबन दो करोड़ बाल श्रमिक कार्यरत हैं। यूनीसेफ के अनुसार बच्चों का नियोजन इसलिए किया जाता है ताकि उनका आसानी से शोषण किया जा सके। बच्चे अपनी उम्र के अनुरूप कठिन काम जिन कारणों से करते हैं, उनमें आमतौर पर गरीबी पहला कारण है। इसके अलावा, जनसंख्या विस्फोट, सस्ता श्रम, उपलब्ध कानूनों का लागू नहीं होना, बच्चों को स्कूल भेजने के प्रति अनिच्छुक माता-पिता जैसे अन्य कारण भी हैं। पूरी दुनिया के लिए बाल श्रम की समस्या एक चुनौती बनती जा रही है। विभिन्न देशों द्वारा बाल श्रम पर प्रतिबंध लगाने के लिए समय समय पर विभिन्न प्रकार के कदम उठाए गए हैं। बाल श्रम की समस्या को काबू में लाने के लिए विभिन्न देशों द्वारा प्रयास किए जाने के बाद भी इस स्थिति में सुधार न होना चिंतनीय है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा जारी रिपोर्ट से पता चलता है कि बाल श्रम को दूर करने में हम अभी बहुत पीछे हैं। बाल श्रम (प्रतिबंध एवं नियमन) संशोधन अधिनियम 2016 के जरिए बाल श्रम (प्रतिबंध एवं नियमन) अधिनियम 1986 में संशोधन किया गया है। ताकि किसी काम में बच्चों को नियुक्त करने वाले व्यक्ति पर जुमार्ना के अलावा सजा भी बढ़ाई जा सके। संशोधित कानून सरकार को ऐसे स्थानों पर और जोखिम भरे कार्यों वाले स्थानों पर समय समय पर निरीक्षण करने का अधिकार देता है जहां बच्चों के रोजगार पर पाबंदी है। संशोधित कानून के जरिए इसका उल्लंघन करने वालों के लिए सजा को बढ़ाया गया है। बच्चों को रोजगार देने वालों को अब छह महीने से दो साल की जेल की सजा होगी या 20,000 से लेकर 50,000 रुपये तक का जुमार्ना या दोनों लग सकेगा। कानून के मुताबिक किसी भी बच्चे को किसी भी रोजगार या व्यवसाय में नहीं लगाया जाएगा। पिछले कुछ वर्षों से केंद्र एवं राज्य सरकारों की पहल इस दिशा में सकारात्मक रही है।

# विपक्षी एकता के निहितार्थ

राजनीति में कब क्या हो जाए कुछ भी विश्वास के साथ नहीं कहा जा सकता। आज से कुछ ही दशक पूर्व जिस प्रकार से विपक्ष के राजनीतिक दल कांग्रेस को सत्ता से हटाने के लिए भरसक प्रयास करते थे, वैसे ही प्रयास आज भी हो रहे है। इस बार के प्रयासों में कांग्रेस और जुड़ गई है। विगत दो लोकसभा के चुनावों के परिणाम स्वरूप देश में जो राजनीतिक हालात बने हैं, उसमें स्वाभाविक रूप से विपक्ष अपनी जमीन को बचाने की कवायद करने की ओर चिंतन और मंथन करने लगा है। इसके लिए विपक्षी एकता के फिर से प्रयास भी होने लगे हैं। एकता के प्रयोग के लिए इस बार बिहार की भूमि को चुना है। इसलिए स्वाभाविक रूप से कहा जा सकता है कि इस प्रयास में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुखिया की भूमिका में होंगे। हालांकि नीतीश कुमार के बारे में राजनीतिक विश्लेषक यह खुले तौर से स्वीकार करने लगे हैं कि नीतीश कुमार अपनी स्वयं की राह पर ही चलते है, ऐसे में वे दूसरे दलों की कितना मानेंगे, इस बारे में राजनीतिक अस्पष्टता का भी आभास होता है। हम यह भली भांति जानते हैं कि बिहार में कभी भाजपा के साथ तो कभी भाजपा के विरोधी दलों के साथ चुनावी मैदान में नीतीश कुमार ने दांव खेला। दोनों ही स्थितियों में नीतीश कुमार अपनी सत्ता को बचाने में सफल भी हुए। यहां यह विश्लेषण का विषय हो सकता है कि नीतीश कुमार ने जब पहली बार बिहार की सत्ता संभाली, तब वह लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के खिलाफ चुनाव लड़े और वही उनके राजनीतिक शत्रु भी थे। लेकिन इस बार स्थिति बदली है। अब नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनता दल के केवल साथ ही नहीं, बल्कि उनको सरकार का हिस्सा भी दिया है। ऐसे में उनका सारा दारोमदार अब भाजपा के विरोध में है। केंद्र में जब से भाजपा सरकार में आई है, तब से ही विपक्ष का जनाधार खिसका है। एक दो राज्यों को छोड़ दिया जाए तो आज भी कांग्रेस की स्थिति स्वयं की दम पर चुनाव में विजय प्राप्त करने की नहीं है। हालांकि अभी हाल ही में कर्नाटक ने कांग्रेस को राजनीतिक आकाश में उड़ने का हौसला दिया है, जिसके आधार पर कांग्रेस केंद्र में सत्ता परिवर्तन की गुंजाइश भी देखने लगी है, लेकिन विसंगति यह है कि कांग्रेस के अंदर ही आपस में उठापटक की नूराकुश्ती चल रही है। इसमें प्रादेशिक नेताओं में भले ही एक दूसरे को पटखनी देने की कवायद हो रही हो, लेकिन इस स्थिति में कांग्रेस को नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। कर्नाटक में सत्ता का संचालन करने लिए जिस प्रकार से सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच रस्साकशी का खेल चला, उससे कांग्रेस की स्थिति का पता भी चल जाता है। विपक्षी एकता के प्रयासों के लिए कांग्रेस की कवायद केवल इतनी ही है कि वह क्षेत्रीय दलों की पिछलग्गू बनी रहेगी। इसके बाद भी कांग्रेस का प्रयास यही रहेगा कि यह विपक्षी एकता कांग्रेस के राहुल गांधी के नेतृत्व में हो। लेकिन ऐसा होना असंभव ही है। कहा तो यह भी जा रहा है कि विपक्ष बिना प्रधानमंत्री पद के दावेदार के चुनाव लड़ सकता है, लेकिन इसके बाद प्रधानमंत्री पद के लिए खींचतान होगी ही, इसे तय माना जाना चाहिए। जहां तक राजनीतिक महत्वाकांक्षा की बात है तो विपक्ष के राजनीतिक दलों के मुखिया अपने आपको दूसरे दल से श्रेष्ठ बताने का खेल भी खेलेंगे। हम जानते ही हैं कि विपक्षी दलों में कोई किसी से पीछे रहना नहीं चाहता। चाहे वह राहुल गांधी हों, नीतीश कुमार हों या फिर ममता बनर्जी, चाहे शरद पवार हों या फिर अखिलेश यादव। या फिर जिनका जनाधार खिसक गया हो, ऐसे वामपंथी नेता ही क्यों न हो। सब के सब स्वयं नेतृत्व करने की सोच रहे होंगे। इसमें अभी प्रमुख नाम ही लिए हैं। हो सकता है कि और भी फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती जैसी नेता हों जो ऐसे ही सपने बुन रहे हों। कुल मिलाकर यही कहा जा सकता है कि विपक्षी एकता के प्रयास तभी किए जाते हैं, जब राजनीतिक दल अकेले दम पर कमजोर महसूस करते हैं। उल्लेखनीय है कि एकता के यह प्रयास विपक्ष की कमजोरी को ही प्रदर्शित करने वाले हैं। कम से कम संदेश तो यही जा रहा है। विपक्षी एकता के यह प्रयास कितने सफल होंगे, इसका अनुमान लगाना फिलहाल कठिन है। अगर यह प्रयास सफल भी हो गए तो क्षेत्रीय राजनीतिक दल भी यह सपने देख सकते हैं कि हो सकता है कि देवेगौड़ा की तरह उनका भी नंबर आ सकता है। इस बारे में कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी को लेकर एक अभियान सा चलाया जा रहा है, लेकिन ममता बनर्जी और नीतीश कुमार पीछे रहेंगे, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। यह बात सही है कि आगे बढ़ने के सपने हर किसी को देखना चाहिए, यह स्वाभाविक भी है। लेकिन यह स्वस्थ परंपराओं के साथ हो तो और भी अच्छा रहेगा। केवल किसी को हराने के लिए इस प्रकार की राजनीति करना न तो स्वयं के हित में होगी और न ही देश में सकारात्मक संदेश ही देने में समर्थ होगी। आज विपक्ष का एक मात्र एजेंडा यही है कि कैसे भी हो भाजपा को हराया जाए और खुद सत्ता के शिखर पर स्थापित हो जाएं। वास्तव में होना यह चाहिए कि विपक्षी दल अपनी योजना देश के सामने रखें और हराने की नहीं, बल्कि जीतने की मानसिकता के साथ मैदान में उतरें। अगर ऐसा न हो सका तो फिर वही ढाक के तीन पात वाली कहावत ही चरितार्थ होगी। विपक्षी दलों आज इस बात का गंभीर चिंतन करना चाहिए कि आखिर ऐसी स्थिति क्यों बनी कि लगातार संकुचन की ओर कदम बढ़ते जा रहे हैं। जहां तक क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की बात है तो उनके संकुचन के लिए यह तर्क दिया जा सकता है कि उनका प्रभाव एक क्षेत्र विशेष तक सीमित है। इसलिए उन्हें केवल एक क्षेत्र में ही सारा जोर लगाना होगा, तभी उनका राजनीतिक अस्तित्व बरकरार रह सकता है।

## Social Media Corner

सच के हक में...



हमारे देश के दिल में 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक भावना धड़कती है। हमेशा की तरह आज भी उम्मीद और प्रेरणा देने वाली प्रेरक कहानियां हैं। नमो एप ने इसे बखूबी पकड़ा है। अवश्य देखें – वे आपको अत्यधिक गर्व की भावना से भर देंगे।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत की अर्थव्यवस्था नई बुलंदियों पर पहुंची है और देश पूरे विश्व की आशाओं का केंद्र बना है। देश में विदेशी निवेश बढ़ा है और यहाँ से होने वाला निर्यात भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। यह सब पिछले नौ वर्षों में किए गये आर्थिक सुधारों का सुपरिणाम है।

**(रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के ट्विटर अकाउंट से)**



बच्चे करेंगे काम तो कैसे होगा देश का नाम, पढ़ कर करेंगे बड़े काम तभी तो बढ़ेगा देश का मान, नन्हे हाथों में ईट नही किताब दो बाल मजदूरी को खत्म कर दो!

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# दवाओं की गुणवत्ता से खिलवाड़ घातक

राष्ट्रीय औषधि मूल्य नियामक नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथारिटी (एनपीपीए) ने एक बार फिर देश के करोड़ों लोगों के दैनिक जीवन में इस्तेमाल में आने वाली कई दवाओं की खुदरा कीमतें तय की हैं। एनपीपीए ने ये कीमतें औषधि (मूल्य नियंत्रण) आदेश, 2013 के तहत निर्धारित की हैं। एनपीपीए को थोक दवाओं की कीमतों में संशोधन या उन्हें निर्धारित करने, उन्हें लागू करने और उपलब्धता सुनिश्चित करने का अधिकार है। इन दिनों भारत के फार्मा सेक्टर से संबंधित दो बातें रेखांकित हो रही हैं। एक, भारत सस्ती कीमत पर बड़े पैमाने पर वैश्विक स्तर का दवा उत्पादन कर रहा है। सरकार द्वारा सस्ती और गुणवत्ता वाली दवाओं की पहुंच आम आदमी तक सुनिश्चित की जा रही है। दो, दवा उद्योग की वैश्विक श्रृंखला के बाधित होने से भारत की फार्मा कंपनियों को विश्व भर से विभिन्न दवाइयों की आपूर्ति के आर्डर लगातार मिल रहे हैं। इससे भारत का दवा निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। इस समय भारत 185 से अधिक देशों को दवाइयों का निर्यात कर रहा है। देश में 3,000 से अधिक दवा कंपनियां हैं और 10,500 से अधिक क्रियाशील दवा उत्पादक इकाइयां हैं। भारत दवा उद्योग उत्पादन की मात्रा के मामले में विश्व में तीसरे स्थान पर है। तीन वर्ष पहले भारत का जो फार्मा निर्यात करीब 16 अरब डालर था, वह गत वित्त वर्ष में बढ़कर 25.39 अरब डालर हो गया। चूंकि भारत में दवाई उत्पादन की लागत अमेरिका एवं अन्य पश्चिमी देशों की तुलना में बहुत कम है। इसी कारण भारत घरेलू और वैश्विक बाजारों के लिए महत्वपूर्ण, उच्च गुणवत्ता और कम लागत वाली दवाओं के निर्माण में एक प्रभावी भूमिका निभा रहा है। दुनिया की करीब 70 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की मैन्यूफैक्चरिंग भारत में ही होती है। जेनेरिक दवाओं की अफ्रीका की कुल मांग का 50 प्रतिशत, अमेरिका की कुल मांग का 40 प्रतिशत तथा ब्रिटेन की कुल दवा मांग का 25 प्रतिशत हिस्सा भारत से ही जाता है। दुनिया की 60 प्रतिशत वैक्सीन का भी उत्पादन भारत में होता है। इसके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनिवार्य टीकाकरण योजनाओं के लिए 70 प्रतिशत टीकों की आपूर्ति भारत की दवा कंपनियों द्वारा की जाती है। इतना ही नहीं भारत में सस्ती, लेकिन गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा का लाभ कई विकसित देशों के मरीज भी यहां आकर उठा रहे हैं। भारत में चिकित्सा सेवा की लागत पश्चिम सहित कई देशों की तुलना में बहुत कम है। यही कारण है कि भारत को चिकित्सा पर्यटन के लिए दुनिया में लाभप्रद जगह माना जा रहा है, जहां स्वास्थ्य लाभ के अलावा खूबसूरत जगहों का भ्रमण भी किया जा सकता है। दुनिया के अनेक देशों से बड़ी संख्या में लोग भारत में चिकित्सा पर्यटन के लिए आते हैं। वैश्विक मेडिकल टूरिज्म के लिए दुनिया के पहले दस देशों में भारत का नाम रेखांकित हो रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा देश के दवा उत्पादन में आत्मनिर्भरता लाने, अधिक कीमत वाली दवाओं के स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहन देने और चीन से आयात होने वाले दवाओं के कच्चे माल यानी एपीआइ के देश में उत्पादन के लिए ढाई वर्ष पहले शुरू की गई उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना को बड़ी सफलता मिल रही है। सरकार की पीएलआइ योजना की मदद से 22 से अधिक बल्क ड्रग (कच्चे माल) का उत्पादन देश में ही शुरू हो गया है। जिस आगमेंटेड नामक दवा के कच्चे माल का पूरी तरह से आयात किया जाता था, वह अब भारत में ही बनने लगा है। देश में पेनिसिलिन का उत्पादन भी शुरू हो गया है। दवा के कच्चे माल का उत्पादन देश में ही शुरू होने से आयात कम हुआ है। इससे कई भारतीय दवाओं की लागत भी कम हो रही है।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



इन दिनों पानी एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। कई जगहों पर हाहाकार जैसी स्थिति है। नदियां और जलाशय सूख रहे हैं। जलप्रपातों से एक बूंद भी पानी नहीं टपक रहा है। राजधानी और आसपास के लोगों ने शायद ही कभी ऐसी हालत देखी होगी। हांलांकि जल संकट को लेकर पिछले कई वर्ष या यूं कहें कि की वर्ष से आशंका जताई जा रही थी। अब पानी को लेकर अराजक स्थिति उत्पन्न होने लगी है। इस घोर जल संकट के बीच मनोरंजन का नया साधन विकसित हो रहा है जिसमें पानी की बरबादी की जा रही है। वह है निजी वाटर पार्कों का बढ़ता चलन। कई निजी वाटर पार्क खुले हैं। पैसे वाले लोग खर्च कर पानी में अठखेलियां करते नजर आ रहे हैं। इनकी जांच की जानी चाहिए।

**रूना मिश्रा शुक्ला, अधिवक्ता, रांची।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# एकदिवसीय विश्व कप में 15 अक्टूबर को हो सकता है भारत-पाक मुकाबला

**लंदन। (एजेंसी)।** मुम्बई (ईएमएस)। आगामी आईसीसी एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप में भारत और पाकिस्तान की टीमें 15 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में आमने-सामने हो सकती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस कार्यक्रम के लिए जो कार्यक्रम तैयार किया है उसे आईसीसी के साथ भी साझा किया गया है। अगले सप्ताह की शुरूआत में अंतिम कार्यक्रम जारी होने से पहले इस इवेंट में हिस्सा लेने वाले देशों को भी इसे भेजा गया है ताकि उनकी राय भी मिल सके।

बीसीसीआई के इस प्रारंभिक मसौदा कार्यक्रम के अनुसार, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच 5 अक्टूबर को पहला मुकाबला होगा जबकि भारतीय टीम 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने शुरुआती मैच खेलेगी। इस रिपोर्ट के अनुसार लीग चरण के दौरान भारतीय टीम को नौ स्थानों पर अपने लीग मैच खेलने होंगे जबकि पाक को पांच स्थानों पर खेलने हैं। ड्राफ्ट कार्यक्रम में सेमीफाइनल मैचों की जानकारी नहीं है पर उम्मीद है कि ये मुकाबले 15 और 16 नवंबर को होंगे। वहीं टूर्नामेंट का फाइनल मैच 19 नवंबर को अहमदाबाद में होगा।




## कार्यक्रम इस प्रकार है-

भारत और ऑस्ट्रेलिया 8 अक्टूबर, चेन्नई
भारत और अफगानिस्तान 11 अक्टूबर, दिल्ली
भारत और पाकिस्तान 15 अक्टूबर, अहमदाबाद
भारत और बांग्लादेश 19 अक्टूबर, पुणे
भारत और न्यूजीलैंड 22 अक्टूबर, धर्मशाला
भारत और इंग्लैंड 29 अक्टूबर, लखनऊ
भारत और क्वालीफायर 2 नवंबर, मुंबई
भारत और दक्षिण अफ्रीका 5 नवंबर, कोलकाता
भारत और क्वालीफायर, 11 नवंबर, बेंगलुरु।

# जोकोविच एटीपी रैंकिंग में फिर नंबर एक पर पहुंचे



### -स्वियातेक डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार

**पेरिस(एजेंसी)।** फ्रेंच ओपन टेनिस में पुरुष एकल खिताब विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच एटीपी रैंकिंग में एक बार फिर शीर्ष पर पहुंच गये हैं। जोकोविच ने रिकार्ड 23 वां खिताब जीतने के साथ ही कार्लोस अल्कारेज को पीछे छोड़ते हुए नंबर एक स्थान हासिल किया। पुरुष एकल में जोकोविच रोलां गैरो में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी के रूप में उतरे थे पर फाइनल में रूड पर जीत से वह नंबर एक पर पहुंच गये। एटीपी रैंकिंग में अब अल्कारेज दूसरे और दानिल मेदवेदेव तीसरे स्थान पर हैं जबकि रूड चौथे स्थान पर बने हुए हैं। वहीं कूल्हे की चोट के कारण इस साल की शुरुआत से ही बाहर चल रहे रफेल नडाल शीर्ष 100 से बाहर होकर 136वें पायदान पर खिसक गए हैं।

वहीं महिला एकल का खिताब जीतने वाली पोलैंड की इगा स्वियातेक डब्ल्यूटीए रैंकिंग में नंबर एक पर बनी हुई हैं। दूसरे नंबर की खिलाड़ी एरिना सबालेंका के पास स्वियातेक को पीछे छोड़ने का अवसर था पर वह इसमें सफल नहीं हुईं। स्वियातेक ने कैरोलिना मुचोवा को 6-2, 5-7, 6-4 से हराकर चार साल में तीसरा फ्रेंच ओपन खिताब जीता। वह ऐश बार्टी के संन्यास लेने के बाद से ही अप्रैल 2022 से ही नंबर एक स्थान पर हैं। वहीं मुचोवा 43वें से करियर की सर्वश्रेष्ठ 16वीं रैंकिंग पर पहुंच गई हैं। गत विंबलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना तीसरे स्थान पर हैं।

# टीम इंडिया पर सौ जबकि शुभमन पर 115 फीसदी जुर्माना

### -ऑस्ट्रेलिया भी नहीं बचा

**लंदन (एजेंसी)।** ।द ओवल में खेल गये आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के हार के साथ ही भारतीय टीम को एक और झटका लगा है। मैच में धीमे ओवर रेट के लिए भारतीय टीम पर मैच फीस का 100 फीसदी जुर्माना लगा। भारत ही नहीं विजेता टीम ऑस्ट्रेलिया की भी जीत की खुशी फीकी पड़ी गयी है। उसपर मैच फीस का अस्सी फीसदी जुर्माना लगा है।

वहीं भारतीय टीम के बल्लेबाज शुभमन गिल पर मैच फीस के अलावा 15 फीसदी अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया गया है। शुभमन पर ये अतिरिक्त जुर्माना कैच आउट को लेकर किए गए सोशल मीडिया पोस्ट के कारण लगाया गया है। इस प्रकार शुभमन पर कुल मिलकर 115 फीसदी जुर्माना लगा है। उन्हें ये राशि आईसीसी को देनी होगी। वहीं, फाइनल खेलने के बाद भारतीय टीम को भी 100 फीसदी मैच फीस का जुर्माना लगने के कारण उसे मैच फीस के रूप में एक भी रुपया नहीं मिलेगा।

शुभमन पर अधिक जुर्माना इसलिए लगा है क्योंकि उन्होंनें आईसीसी आचार संहिता का उल्लंघन किया है। उन्हें धारा 2.7 के तहत दोषी करार दिया गया है। इस नियम के अनुसार अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी घटना को लेकर सोशल मीडिया या किसी भी मंच पर कमेंट करना सख्त मना है। शुभमन ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने के बाद कैच आउट दिए जाने को लेकर थर्ड अंपायर के फैसले के खिलाफ ट्वीट कर अपनी नाराजगी जाहिर की थी।

इस मैच में शुभमन का कैच कैमरन ग्रीन ने पकड़ा था जिसको लेकर विवाद उठा है। टीवी अंपायर रिचर्ड केटलब्रो ने ग्रीन द्वारा पकड़े गये शुभमन के कैच को सही बताया था पर वीडियो में ऐसा लग रहा था कि गेंद जमीन से लग गई थी। इस कैच को लेकर कई दिग्गजों ने सवाल उठाये थे। यहां तक कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना था कि गेंद का कुछ हिस्सा जमीन पर लगा था।

# इस कारा एक दशक में आईसीसी खिताब का सूखा समाप्त नहीं कर पायी भारतीय टीम

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम पिछले एक दशक में एक भी आईसीसी खिताब नहीं जीत पायी है। इस दौरान भारतीय टीम को चार बार फाइनल जबकि इतने ही बार सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। हर बार टीम की शुरुआत अच्छी रही है पर अंत में बड़े मुकाबलों में वह दबाव में बिखरती दिखी। इसका कारण सही संयोजन की कमी के साथ ही खिलाड़ियों के जुझारु रवैये में कमी होना भी रहा है

भारतीय टीम इंडिया ने अंतिम बार साल 2013 में महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। आंकड़ों पर नजर डालें तो सबसे पहले टी20 विश्वकप 2014 के फाइनल में श्रीलंका ने भारतीय टीम को हराया था। वहीं साल 2016 की बात करें, तो टीम इंडिया को सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

वही 2021 का टी20 वर्ल्ड कप यूएई में खेला गया था। यहां भारतीय टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा. टीम दूसरे ही दौर से बाहर हो गई थी। पाक ने विश्वकप में पहली बार टीम इंडिया को हराया। वहीं 2022 के टी20 विश्वकप में उसे इंग्लैंड के हाथों सेमीफाइनल में हार मिली।


साल 2015 एकदिवसीय विश्वकप में टीम



इंडिया को सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। इसी प्रकार 2019 के विश्व कप के अंतिम-4 के मुकाबले में न्यूजीलैंड ने भारत को हराया। वहीं चैंपियंस ट्रॉफी में 2017 के फाइनल में पाकिस्तान ने टीम इंडिया को 180 रनों से हराया था। वहीं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारतीय टीम पहले सत्र में अंक तालिका में शीर्ष पर रही पर 2021 में इंग्लैंड के साउथम्प्टन मैदान पर खेले गए फाइनल में उसे न्यूजीलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा। इस सत्र में भारतीय टीम को खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने हराया है।

# अदिति एलपीजीए रैंकिंग में शीर्ष 20 वें स्थान पर पहुंची

नई दिल्ली ।भारतीय महिला गोल्फर अदिति अशोक एलपीजीए रैंकिंग में शीर्ष 20 वें स्थान पर पहुंची हैं।अदिति शॉपराइट क्लासिक में संयुक्त 49वें स्थान पर रही थीं।अंतिम दिन अच्छा प्रदर्शन करते हुए अदिति ने एक बोगी और चार बर्डी के साथ ही तीन अंडर 68 का कार्ड खेला पर 54 वे होल में उनका कुल स्कोर दो अंडर 211 बना रहा।अदिति रेस टू सीएमई विश्व रैंकिंग में भी 20वें स्थान पर रही हैं।ये एलपीजीए टूर का आर्डर आफ मेरिट है।इस साल खराब शुरूआत के बाद वह लगातार तीन टूर्नामेंटों में कट में प्रवेश नहीं कर पायीं थीं।इसके बाद से ही वह शानदार फॉर्म में है और तीन बार शीर्ष पांच में पहुंची हैं।



# इंडोनेशिया सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे प्रणय

जकार्ता।फॉर्म में चल रहे एच एस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू हो रहे बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट इंडोनेशिया ओपन में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। पिछले महीने मलेशिया मास्टर्स सुपर 300 खिताब जीतने वाले प्रणय टूर्नामेंट में आगे तक जा सकते हैं जिसमें विश्व बैडमिंटन के चोटी के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।दुनिया के नंबर आठ खिलाड़ी प्रणय का सामना पहले दौर में जापान के केंता निशिमोतो से होगा जिसके बाद दूसरे दौर में चीन के शि युकी से टक्कर हो सकती है।दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और 2021 विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता किदाम्बी श्रीकांत सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं लेकिन यहां अच्छी शुरूआत की कोशिश करेंगे। सिंधू पिछले दो टूर्नामेंटों में पहले दौर में बाहर हो गई जबकि श्रीकांत मलेशिया और स्पेन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे।सिंधू का सामना पहले दौर में इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मरिस्का तुंगजुंग से होगा जबकि श्रीकांत चीन के लु गुआंग जू से खेलेंगे। थाईलैंड ओपन सेमीफाइनल तक पहुंचे लक्ष्य सेन का सामना पहले दौर में दुनिया के दसवें नंबर के खिलाड़ी चीन के ली जि जिया से होगा।राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन और दुनिया की पांचवें नंबर की जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का सामना इंडोनेशिया के मार्कस फर्नाल्डी गिडोन और केवन संजय सुकामुजो से होगा।सात्विक और चिराग ने इस सत्र मे स्विस ओपन जीता है लेकिन इस इंडोनेशियाई जोड़ी को पिछले 11 मुकाबलों में हरा नहीं सके हैं।एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिता का सामना मलेशिया के ओंग यू सिन और तियो इ यि से होगा।दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी साइना नेहवाल पहले दौर में चीन की वांग झि यि से खेलेगी।

# वेस्टइंडीज दौरे के लिए रिंकू, जितेश को टी20 टीम में जगह मिलने की संभावना, इन खिलाड़ियों का भविष्य अधर में लटका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में लगातार दूसरी हार पर भले ही त्वरित प्रतिक्रिया न हो लेकिन अगले महीने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज दौरे पर जाने वाली टीम से अनुभवी खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा और उमेश यादव का पत्ता कट सकता है। इन दोनों की जगह टीम में यशस्वी जायसवाल और मुकेश कुमार मजबूत दावेदार होंगे क्योंकि चयन समिति भविष्य के मुश्किल दौरों के लिए खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को तैयार करना शुरू करना चाहेगी।

भारत का वेस्टइंडीज का एक महीने का दौरा होगा। दौरे का आगाज 12 जुलाई से दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से होगा। टीम इसके बाद तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की श्रृंखला खेलेगी जिसमें हार्दिक पंड्या की कप्तानी में युवा खिलाड़ियों की टीम मैदान में उतरेगी। इस टीम में आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मौका मिलेगा। डब्ल्यूटीसी फाइनल में लगातार दूसरी शिकस्त के बाद इस बात की काफी संभावना है कि शिव सुंदर दास की अगुवाई वाली चयन समिति और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अगले डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए कुछ विकल्पों पर विचार करेंगे।

पुजारा और उमेश लंबे समय से लय में



नहीं है। चयन समिति के पूर्व सदस्य देवांग गांधी ने पीटीआई-से कहा, ''आपको संतुलन बनाने की जरूरत है। चयन और टीम से बाहर होना एक प्रक्रिया है लेकिन आपको युवाओं और अनुभव के मिश्रण की आवश्यकता है। टीम संयोजन में आपको लंबी योजना के साथ आगामी दो साल के चक्र को भी देखना होगा।'' उन्होंने कहा, ''मेरा मानना है कि यशस्वी जायसवाल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए तैयार है। उसने रणजी, ईरानी और दलीप ट्रॉफी में दोहरा शतक बनाया है। वह मजबूत मानसिकता वाला खिलाड़ी दिखता है। उसे मौका देकर और सुधार किया जा सकता है।''

बीसीसीआई के एक और चयनकर्ता ने गोपनीयता की शर्त पर इस बात पर निराशा जतायी कि पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश के बाद भारत की 'ए' टीम ने कोई विदेशी दौरा नहीं किया। उन्होंने कहा, '' देखिये, उमेश अपने करियर के आखिरी चरण में है लेकिन 'ए' टीम का दौरा नहीं होने से आपको यह पता नहीं होता है कि कौन उनकी जगह लेने के लिए तैयार है। एक समय था जब हमारे पास मयंक अग्रवाल, ऋषभ पंत, हनुमा विहारी, मोहम्मद सिराज, नवदीप सैनी लगातार 'ए' टीम के लिए खेलते हुए राष्ट्रीय टीम के लिए तैयार रहते थे। इस चयनकर्ता ने कहा, '' अब आप खिलाड़ियों के बारे में नहीं जानते। मुझे तेज गेंदबाज में सिर्फ मुकेश कुमार ही नजर आते हैं लेकिन उनके पास भी अधिक गति नहीं है और स्विंग पर विश्वास करते हैं।''

लोकेश राहुल जांघ की सर्जरी से कब वापसी करेंगे यह तय नहीं है और वह अब टीम की कप्तानी की दौड़ में भी नहीं है। ऐसे में यह देखना भी दिलचस्प होगा कि क्या रोहित शर्मा मौजूदा फॉर्म और फिटनेस के आधार पर दो और साल के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलेंगे। वह इस चक्र के पूरा होने तक 38 साल के हो जायेंगे। ऐसे में टीम की कप्तानी के दावेदार को लेकर भी सवाल उठ रहे है। इस पूर्व चयनकर्ता ने कहा, '' वेस्टइंडीज दौरे के साथ समस्या यह है कि अगर पुजारा रन बनाते हैं तो आपको अगले साल तक उन्हें बाहर करना मुश्किल होगा। टीम को अगला टेस्ट दिसंबर में खेलना है। ऐसे में अगर आप अभी किसी युवा को मौका देते हैं तो वह आने वाले समय की बड़ी चुनौती के लिए तैयार रहेगा। कई जानकार मानते हैं कि 23 साल के शुभमन गिल के कप्तानी की भूमिका के लिए तैयार करने का यह सही समय है तो वहीं कुछ का मानना है कि संक्षिप्त समय के लिए यह जिम्मेदारी रविंद्र जडेजा को दी जा सकती है जिनकी जगह तीनों प्रारूप की टीम में पक्की है।

# एफआईएच प्रो लीग : भारत ने अर्जेंटीना को 2 – 1 से हराया



इंधोवेन।पिछले मैच में नीदरलैंड से मिली हार से उबरते हुए भारत ने एफआईएच प्रो लीग के अपने आखिरी मैच में रियो ओलंपिक चैम्पियन अर्जेंटीना पर रविवार को 2 . 1 से जीत दर्ज की।भारत के लिये आकाशदीप सिंह ने दूसरे और सुखजीत सिंह ने 14वें मिनट में फील्ड गोल किये। वहीं अर्जेंटीना के लिये एकमात्र गोल लुकास टोस्कानी ने 58वें मिनट में दागा। इस जीत के बाद भारत 30 अंक लेकर अंकतालिका में शीर्ष पर बना हुआ है।अनुभवी आकाशदीप ने दूसरे ही मिनट में गोल करके भारत को बढत दिला दी।सर्कल के भीतर अकेले खड़े आकाशदीप ने गेंद का इंतजार किया और दाहिने फ्लैंक से बेहतरीन मूव पर गेंद को लेकर उन्होंने गोल के भीतर डाल दिया।अर्जेंटीना ने जवाबी हमला बोला लेकिन भारतीय डिफेंस मुस्तैद था।भारत का दूसरा गोल 14वें मिनट में हुआ जब आकाशदीप ने विवेक सागर प्रसाद को बैक पास दिया और अर्जेंटीना के डिफेंस को छकाते हुए विवेक ने गेंद गोल के सामने सुखजीत को सौंपी।उन्होंने गोल करने में कोई चूक नहीं की। पहले क्वार्टर में दो गोल करने वाली भारतीय टीम इसके बाद गोल नहीं कर पाई।वहीं अर्जेंटीना को हूटर से दो मिनट पहले पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर लुकास ने गोल किया।

# दिव्या देशमुख शतरंज चैंपियनशिप में बनी चैंपियन, जीता गोल्ड मेडल

नयी दिल्ली।भारत की दिव्या देशमुख रविवार को यहां एशियाई महाद्वीपीय शतरंज चैम्पियनशिप की महिला शास्त्रीय स्पर्धा में चैंपियन बनीं है।इस मुकाबले में उन्होंने मैरी एन गोम्स को मात दी है।मैरी गोम्स मुकाबले की उपविजेता रही। 17 वर्षीय दिव्या ने कजाकिस्तान की ज़ेनिया बालाबायेवा के साथ नौवें और अंतिम राउंड को ड्रा किया।मुकाबला ड्रॉ होने के साथ ही दिव्या देशमुख 7.5 अंकों के साथ शीर्ष पर रहीं और चैंपियनशिप विजेता बन गई।इस टूर्नामेंट की विजेता बनने के साथ ही दिव्या देशमुख को गोल्ड मेडल से नवाजा गया।उपविजेता मैरी को सिल्वर मेडल मिला है।बता दें कि दिव्या देशमुख ने वर्ष की शुरुआत में ही लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय महिला शतरंज का ताज अपने पास ही बरकरार रखा है।

**मैरी ने हासिल किया दूसरा स्थान :** इस मुकाबले में मैरी ने भी फाइनल राउंड में ड्रा खेला।उन्हें दूसरे राउंड के बाद 6.5 अंक मिले और वो दूसरे स्थान पर रही।दिव्या ने डब्ल्यूआईएम मेरुर्ट कमलिडेनोवा (कजाकिस्तान) को अंतिम दौर में आसानी से हरा दिया था।भारतीय खिलाड़ी साक्षी चितलंगे 5.5 अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहीं।अन्य भारतीयों में पीवी नंदीधा (5 अंक) और आशना मखीजा (5) अंक मिले, जिसके साथ दोनों ही खिलाड़ी क्रमश : 13वें और 14वें स्थान पर रहीं।



# पहलवानों का विरोध: 4 जुलाई को हो सकते हैं डब्ल्यूएफआई के चुनाव, जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के पूर्व जज रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** नयी दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ ने सोमवार को घोषणा की कि भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव 4 जुलाई को होंगे। चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी जम्मू और कश्मीर उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) महेश मित्तल कुमार होंगे। आईओए ने न्यायमूर्ति मित्तल कुमार को लिखे अपने पत्र में कहा कि IOA को WFI की कार्यकारी समिति के चुनाव कराने के लिए आगे कदम उठाना है, और हम आपको WFI के चुनाव कराने के लिए एक रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में नियुक्त करके प्रसन्न हैं। चुनाव कराने में सहायता के लिए एक सहायक रिटर्निंग अधिकारी और अन्य कर्मचारियों को नियुक्त करने पर विचार किया है।

## बृजभूषण शरण सिंह का विरोध

4 जुलाई को बुलाई गई डब्ल्यूएफआई की एसजीएम में चुनाव कराने की आवश्यकता है और चुनाव का कार्यक्रम उसी के अनुसार तैयार करना होगा। हम आपकी स्वीकृति की पुष्टि और 4 जुलाई को डब्ल्यूएफआई के चुनावों के सुचारू संचालन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। भारत के शीर्ष पहलवानों द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने इस साल मार्च में तीन कार्यकाल (12 वर्ष) पूरे किए। खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई के 7 मई के पहले के चुनाव की तारीख को ÷अमान्य और शून्य÷ घोषित कर दिया। इसने संगठन को चलाने और 45 दिनों के भीतर नए सिरे से चुनाव कराने के लिए दो सदस्यीय तदर्थ समिति नियुक्त की।

## खेल मंत्री ने कही थी बड़ी बात

खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने सात जून को आंदोलनकारी पहलवानों के साथ मुलाकात के बाद कहा था कि डब्ल्यूएफआई के चुनाव 30 जून को कराए जाएंगे लेकिन यह स्पष्ट था कि इस समय सीमा का पालन करना मुश्किल होगा क्योंकि डब्ल्यूआई की विशेष आम बैठक (एसजीएम) के लिए 21 दिन का नोटिस देना जरूरी है। डब्ल्यूएफआई की एसजीएम या एजीएम (वार्षिक आम बैठक) में चुनाव कराए जाएंगे। ठाकुर ने पहलवानों को आश्वासन दिया था कि सरकार डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के परिवार के किसी सदस्य या सहयोगी को चुनाव लड़ने की स्वीकृति नहीं देगी जिसके बाद पहलवानों ने 15 जून तक अपना आंदोलन स्थगित कर दिया था।





# काजोल ने सोशल मीडिया से लिया ब्रेक

## कहा- कठिन परीक्षा से गुजर रही हूं

बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल ने कहा है कि वह जिदंगी की सबसे कठिन परीक्षा से गुजर रही हैं और इसलिए वह सोशल मीडिया से ब्रेक ले रही हैं। शुक्रवार को काजोल ने इंस्टाग्राम से अपनी सभी तस्वीरों को आर्काइव कर लिया, जिसका मतलब है कि उन्होंने अस्थायी रूप से अपनी तस्वीरें छिपाई हैं। उसके पास बस एक पोस्ट है, जिसमें लिखा है- जिंदगी की सबसे कठिन परीक्षा का सामना कर रही हूं। इस पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा- सोशल मीडिया से ब्रेक ले रही हूं। फिलहाल, अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि वह ब्रेक क्यों ले रही हैं। फैंस का दावा है कि यह उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट द गुड वाइफ के प्रमोशन की रणनीति है। हालांकि, कई लोगों ने एक्ट्रेस को सपोर्ट भी किया। एक ने कहा, आपके कमबैक का इंतजार है। वहीं, अन्य यूजर ने लिखा,आप मेरी प्रेरणा हैं। द गुड वाइफ के भारतीय रूपांतरण का टाइटल द गुड वाइफ– प्यार, कानून, धोखा है, जिसमें काजोल एक वकील की भूमिका निभा रही हैं। ओरिजनल सीरीज द गुड वाइफ, सीबीएस स्टूडियो द्वारा स्कॉट फी प्रोडक्शंस और किंग साइज प्रोडक्शंस के सहयोग से बनाई गई थी।

# वागले की दुनिया के पुराने एक्टर्स के साथ काम करना बहुत बड़ी बात : परिवा प्रणति



टीवी एक्ट्रेस परिवा प्रणति इन दिनों 'वागले की दुनिया' में वंदना के रोल में दिखाई दे रही हैं। इससे पहले प्रणति 'तुझको है सलाम जिंदगी, 'अरमानों का बलिदान–आरक्षण', 'एक दूसरे से करते हैं प्यार हम', 'हमारी सिस्टर दीदी' जैसे टीवी सीरियल्स में भी काम कर अपनी पहचान बना चुकी हैं। हाल ही में प्रणति ने अपने करियर और पर्सनल लाइफ के बारे में बातचीत की।

**जब आपके पास 'वागले की दुनिया' का ऑफर आया, तब सबसे पहले मन में क्या विचार आया?**

देखिए, 'वागले की दुनिया' के लिए जब ऑफर आया, तब मुझसे ज्यादा मेरे मम्मी–पापा एक्साइटेड थे क्योंकि वो ओरिजनल 'वागले की दुनिया' के बहुत बड़े फैन हैं। मैं 'हां' बोलती, उससे पहले उन्होंने कहा कि इसे करना चाहिए। उनकी एक्साइटमेंट देखकर मैं ये शो करना चाहती थी।

**इस शो में पुराने शो के एक्टर अंजन श्रीवास्तव और भारती अचरेकर भी हैं। उनके साथ काम करने का एक्सपीरियंस कैसा रहा?**

जवाब– अंजन और भारती जी के साथ काम करती हूं, तो मुझे एक्टर वाली फीलिंग नहीं आती है। मुझे तो ऐसा लगता है की वो सच में मम्मी–पापा हैं। मन में ऐसी ही फीलिंग आती हैं। मैं भारती जी को बोलती हूं कि आप मेरी मां ही हैं। अंजन जी भी जब सीन करने आते हैं, तो एकदम श्रीनिवास वागले बनकर ही आते हैं। सच कहूं, तो मेरे लिए ये दोनों अपने आप में ही एक्टिंग के स्कूल हैं। अपने आपको लकी महसूस करती हूं कि इनके साथ काम करने का मौका मिला।

**अच्छा, शो में चाइल्ड आर्टिस्ट भी हैं। सीरियल में बच्चे होते हैं, तब मस्तियां खूब करते हैं। इस पर क्या कहेंगी?**

हमारे शो में दो सेम एज ग्रुप के बच्चे हैं, जो अर्थव वागले और विद्युत अग्रवाल का किरदार निभा रहे हैं। ये मेरे दोस्त बन गए हैं। पहले शो में मेरे बेटे अथर्व वागले का रोल कर रहे शीहान कपाही सेट पर मेरे रूम का दरवाजा खटका कर भाग जाते थे। शूटिंग के समय हम उससे किसी भी चीज को दूर रखते हैं, क्योंकि वह तोड़–फोड़ मचाने में बहुत एक्सपर्ट है। वह सीधा खड़ा ही नहीं रह सकता। दोनों बच्चों को कई बार डायरेक्टर से डांट भी पड़ चुकी है।

**आप साल 2005 से लगातार काम करते आ रही हैं। कभी किसी किरदार से बोरियत भी हुई होगी ? इससे कैसे डील करती हैं?**

जब मेरा बेटा हुआ था, तब मैंने थोड़ा ब्रेक लिया था। फिलहाल, ये मानती हूं की लगातार काम करने के लिए पर्सनल लाइफ भी अच्छी होनी बहुत जरूरी है। अब जैसे 'वागले की दुनिया' है, इसमें बोर होने का स्कोप ही नहीं है, क्योंकि इसमें बहुत बेहतरीन टीम है। हर दो एपिसोड में हमारी कहानियां अलग होती हैं। हर कहानी को एक नए तरीके से करते हैं। टीवी में इससे बड़ी बात क्या होगी की हम हर दो–तीन एपिसोड के बाद कुछ नया कर रहे हैं। मैं हमेशा से ऐसा शो करना चाहती थी, जिसके जरिए मैं सोसायटी को कुछ नया दे भी सकूं, जो टिपिकल शो न हो।

**जिंदगी में आने वाले उतार–चढ़ाव को लेकर क्या कहेंगी ?**

मुझे नेचर से जुड़े रहना बहुत पसंद है। हरियाली और जंगल बहुत पसंद है। जानवर बहुत पसंद है। मेरे घर में एक छोटा–सा जू है। बहुत सारे कुत्ते–बिल्ली हैं। उनको खाना खिलाती हूं। आई थिंक, काम को अपनी लाइफ नहीं बना लेनी चाहिए। काम लाइफ का हिस्सा है, यह हमेशा याद रखना चाहिए। उसमें उतार–चढ़ाव आएगा, यह हमेशा याद रखना चाहिए। लेकिन अपने आपको फ्री ऑफ माइंड रखें। अगर आप अपने कैलेबर को लेकर श्योर हैं, तब आपको खुद को प्रूव करने के कई मौके मिलेंगे।

**लाइफ का सबसे इमोशनल पल बता सकती हैं ?**

साल 2016 में मेरे फादर की तबियत बहुत ज्यादा बिगड़ गई थी। उस समय पूरी फैमिली जुट गई थी। मैं पर्सनली बहुत इमोशनल इंसान हूं। मैं मुसीबत में फंसे हुए जानवरों को रेस्क्यू करती हूं। जब किसी जानवर को नहीं बचा पाती हूं, तब मुझपे इस बात का बहुत इम्पैक्ट पड़ता है। लेकिन मुझे ये भी लगता है कि अपने आपको डिटैच्ड करना आना चाहिए, क्योंकि हम में से कोई परमानेंट यहां पर नहीं है। मैं खुद को समझाने को कोशिश करती हूं कि लाइफ को बहुत सीरियली नहीं लेना चाहिए। अगर आज मुश्किल समय है, तब भी कुछ अच्छा ही होगा। आज के दिन के बारे में सोचती हूं। हर दिन नई शुरुआत के साथ शुरू करने की कोशिश करती हूं। जब कभी दुख, तकलीफ आती है, तब पूरी लाइफ को देखती हूं, उसमें इसे छोटा–सा हिस्सा पाती हूं। इसलिए इसे बहुत सीरियली नहीं लेती हूं।

## लस्ट स्टोरीज 2 में सबसे अच्छे आदमी की भूमिका निभा रहा हूं



एक्टर विजय वर्मा ने दावा किया है कि वह अपकमिंग फिल्म लस्ट स्टोरीज 2 में सबसे अच्छे लड़के की भूमिका निभाएंगे। शुक्रवार की रात, विजय ने अपने ट्विटर पर एक फैन के ट्वीट को फिर से साझा किया, जिसमें लिखा था- मैं उम्मीद कर रहा हूं कि लस्ट स्टोरीज में आप हमें फिर से डरा नहीं रहे हैं। ट्वीट का जवाब देते हुए उन्होंने लिखा- मैं लस्ट स्टोरीज में सबसे अच्छे आदमी की भूमिका निभा रहा हूं। फिल्म के निर्देशक सुजॉय घोष अभिनेता से सहमत थे। उन्होंने फिल्म से विजय और एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया के सीन की एक क्लिप साझा की, और इसे कैप्शन दिया- जैसा कि विजय वर्मा का दावा है कि वह लस्ट स्टोरीज में सबसे अच्छे आदमी की भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि, ऐसा लगता है कि एक्टर दहाड़ और डार्लिंग्स के बाद लस्ट स्टोरीज 2 में ग्रे शेड्स की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित लस्ट स्टोरीज 2 में अमृता सुभाष, अंगद बेदी, काजोल, कुमुद मिश्रा, मृणाल ठाकुर, नीना गुप्ता और तिलोत्तमा शोम भी हैं।



## रामायण में रणबीर के साथ सीता का किरदार निभाएंगी

# आलिया

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट, नितेश तिवारी की बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायण में देवी सीता की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। मीडिया रिपोटरें के अनुसार, फिल्म रामायण में आलिया भट्ट वास्तविक जीवन के पति रणबीर कपूर के साथ सीता की भूमिका निभाएंगी। फिल्म में एक्टर रणबीर कपूर भगवान राम का किरदार निभाएंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म पूरी तरह से ट्रैक पर है। हाल ही में आलिया को नितेश तिवारी के ऑफिस के बाहर भी स्पॉट किया गया था। नितेश को दंगल, छिछोरे जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। वह वर्तमान में वरुण धवन और जान्हवी कपूर अभिनीत फिल्म बवाल में व्यस्त हैं। यह फिल्म विश्व युद्ध पर आधारित है। आलिया और रणबीर ने आखिरी बार फिल्म ब्रह्मास्त्र में काम किया था। अब वह फिल्म रामायण में एक साथ नजर आएंगे। ज्ञात हो कि रणबीर और आलिया पति–पत्नी हैं। दंपति की एक बेटी भी है।

## बॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं भाग्यश्री की बेटी अवंतिका



अवंतिका दसानी वेब सीरीज 'मिथ्या' और साउथ की फिल्म 'नेनू स्टूडेंट सर!' के बाद अब बॉलीवुड मूवी 'यू शेप की गली' में फीमेल लीड शब्बो के कैरेक्टर में दिखाई देंगी। एक के बाद एक प्रोजेक्ट करते जा रहीं अवंतिका किन तैयारियों के साथ इंडस्ट्री में आई हैं, मां से क्या टिप्स मिली है और अब तक स्टार्स के साथ काम करके क्या कुछ सीखा है आदि सवालों के जवाब में बताया– मैंने अब तक तीन प्रोजेक्ट शूट किया। इन तीनों प्रोजेक्ट की आउटडोर शूटिंग हैदराबाद, दार्जिलिंग और लखनऊ में हुई। 'यू शेप की गली' को लखनऊ में शूटिंग करते समय बहुत मजा आया। वहां सेट पर सभी लोग हंसी–मजाक उड़ा रहे थे कि कुछ भी हो, अवंतिका को लखनऊ में शूट करके बड़ा मजा आ रहा है। फिल्म के कास्ट, क्रू, डीओपी, प्रोड्यूसर, डायरेक्टर, राइटर बहुत अच्छे लोग हैं। लखनऊ में एक महीने शूटिंग चली, जिसमें पूरा शूटिंग कम्प्लीट कर ली गई। सिर्फ पैचवर्क बाकी है। पिछली बार दिसंबर में लखनऊ गई थी, पर वहां का लंहगा नहीं मिला। इस बार लंहगा मिला, तब बहुत खुश हुई। हमारा जो कास्ट है वह इनक्रेडिबल है।

## जैकी श्रॉफ की पत्नी आयशा श्रॉफ के साथ हुई लाखों की धोखाधड़ी




बॉलीवुड एक्टर जैकी श्रॉफ की पत्नी और टाइगर श्रॉफ की मां आयशा श्रॉफ के साथ लाखों की धोखाधड़ी हो गई हैं। खबरों के अनुसार आयशा के साथ 58 लाख रुपए की ठगी की गई है। आयशा ने सांताक्रूज पुलिस स्टेशन में एलन फर्नांडिस नाम के शख्स के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज क किया है। आयशा की शिकायत के बाद पुलिस ने एलन फर्नांडिस के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 408, 465, 467 और 468 के तहत मामला दर्ज किया है और जांच में जूट गई है। इससे पहले आयशा श्रॉफ ने साल 2015 में अभिनेता साहिल खान के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक धमकी के आरोप में शिकायत दर्ज कराई थी। बता दें कि आयशा श्रॉफ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। आयशा श्रॉफ एक मॉडल और एक्ट्रेस रह चुकी हैं। जैकी श्रॉफ से शादी के बाद उन्होंने स्क्रीन से दूरी बना ली थी। आयशा बतौर प्रोड्यूसर इंडस्ट्री में एक्टिव हैं।



# मैं डर से काफी आगे निकल गया हूं

एक्शन स्टार विद्युत जामवाल, जो वर्तमान में अपनी अगली फिल्म क्रैक– जीतेगा तो जियेगा की शूटिंग कर रहे हैं, एक एड्रेनालाईन रशिंग एक्सट्रीम स्पोर्ट्स फिल्म है, इस बात से सहमत हैं कि शुरुआत में मौत को मात देने वाले स्टंट से डरते थे, लेकिन वह अब उस डर से आगे निकल गए हैं। सुपर ह्यूमन कहे जा सकने वाले विद्युत ने कई बार बोल्ड स्टंट्स किए हैं। चाहे वह कांच की बोतलों पर पुशअप्स करना हो या पूरी तरह से भरे हुए गैस सिलेंडर के साथ वर्कआउट करना हो, उन्होंने यह सब किया है। जब वह इस तरह के स्टंट करते है तो क्या उन्हें डर नहीं लगता? इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने आईएएनएस से कहा, यह मुझे डराता है लेकिन यह पहला पार्ट है। फिर आप इसे पार कर जाते हैं। हर उस चीज से डरता हूं, जिसे शुरू करता हूं, लेकिन एक बार जब आप खांचे में आ जाते हैं तो मुझे लगता है कि डर आपको छोड़ देता है। अभिनेता ने आगे कहा, आप इस बारे में सोचना शुरू कर देते हैं कि आप आगे क्या करना चाहते हैं, ऐसा क्या है जो आपने नहीं किया है, ऐसा क्या है जिसे आपके शरीर ने अनुभव नहीं किया है, या आपके दिमाग में अभी तक नहीं आया है। एक बार जब आप इन सब से गुजर जाते हैं, चीजें तब आप तक पहुंचने लगती हैं। आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित आगामी फिल्म दो भाइयों पर आधारित है, जो जीतने के लिए खेलों के साथ खतरनाक स्टंट करने के लिए तैयार हैं। इसे सरीम मोमिन और रेहान खान ने लिखा है।

# रोहन मेहरा संग इस वेब सीरीज में नजर आएंगी ऊर्फी



ये रिश्ता क्या कहलाता है के अभिनेता रोहन मेहरा और सोशल मीडिया सेंसेशन ऊर्फी जावेद, पॉकेट एफएम की ब्लॉकबस्टर ऑडियो सीरीज इंस्टा मिलियनेयर के प्रोमो में निभाएंगे एक जोड़े की भूमिका। मनोरंजन की दुनिया अपनी दिलचस्प जोड़ियों से हमें आश्चर्यचकित करने से कभी नहीं चूकती, कुछ प्यारी तो कुछ बिल्कुल अप्रत्याशित। ख़ास खबर यह है इस वक्त ग्लैमर की दुनिया में दो नाम एक साथ गूँज रहे हैं जो हैं अभिनेता रोहन मेहरा और ऊर्फी जावेद, यह दोनों जल्द ही एक प्रोजेक्ट के तरह एकसाथ नज़र आने वाले हैं। जी हां, आपने बिलकुल सही पढ़ा! यह किसी वेब सीरीज़ या टीवी शो के लिए नहीं बल्कि इंस्टा मिलियनेयर नामक एक ऑडियो सीरीज के लिए एक साथ आ रहे हैं। हाल ही में इन दोनों ने इंस्टा मिलियनेयर के लिए एक आकर्षक प्रोमो भी शूट किया, जिससे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हलचल मच गई। प्रोमो में, रोहन और उर्फी, लकी और डिंपल के किरदार में दिखाई दे रहे हैं, जो एक दूसरे से बिलकुल अलग हैं। डिंपल, लकी से बहुत प्यार करती है चूँकि वह पूरी तरह लकी के पैसों से प्रेरित है। उनकी तथाकथित रोमांटिक यात्रा में एक अप्रत्याशित मोड़ तब आता है जब एक महत्वपूर्ण रहस्यों से पर्दा खुलता है, जिससे उनके रिश्ते की दिशा बदल जाती है। प्रोमो अभिषेक सक्सेना (फुल्लू और सरोज का रिश्ता के लिए जाने जाते हैं) द्वारा निर्देशित किया गया है, जिनकी आगामी निर्देशित फिल्म का नाम बंदा सिंह है, जिसमें अरशद वारसी मुख्य भूमिका में हैं।

